26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 3 मई, 2026

अंक- 188 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 की मौत

## इनमें डेढ़ साल का बच्चा शामिल

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पूर्वी दिल्ली में शाहदरा के विवेक विहार क्षेत्र में चार मंजिला इमारत में आज तड़के लगी भीषण आग में नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पुलिस सूत्रों ने इस घटना में पुष्टि करते हुए कहा कि विवेक विहार पुलिस स्टेशन में रविवार सुबह लगभग 3:48 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारी बी-13, विवेक विहार फेज-1 स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, आग ने दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल के फ्लैटों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गयी है। राहत-बचाव और आग बुझाने के अभियानों के दौरान, लगभग 15 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। मामूली रूप से घायल दो लोगों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है। घटनास्थल पर कुल 12 दमकल गाड़ियां, डीडीएमए के कर्मचारी, यातायात अधिकारी और स्थानीय पुलिस तैनात की गई। प्रारंभिक जांच में नौ लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। इनमें एक डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल है।

# तिमरपुर से 12 साल का बालक रहस्यमय ढंग से गायब

## परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम तिमरपुर से एक बालक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। परिजनों को आशंका है कि बालक का अपहरण किया गया है। पुलिस बालक को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

ग्राम तिमरपुर निवासी चंद्रप्रकाश सैनी का करीब 12 वर्षीय पुत्र शौर्य उर्फ डमरू मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। कल शाम करीब 6 बजे वह घर के बाहर खेल रहा था कि रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। परिजनों ने पहले उसे गांव में ढूंढा, फिर अपनी तमाम रिश्तेदारियों में डमरू के बारे में जानकारी की। परिजनों के अनुसार उन्होंने डमरू को बिजनौर शहर की लगभग हर गली में ढूंढा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। डमरू के तयेरे भाई विनय ने बताया कि उसके परिवार के लोग डमरू को कल शाम से ढूंढ रहे हैं। वे रात भर सोये भी नहीं। उन्होंने पुलिस को डमरू के गायब होने की सूचना दे दी है। पुलिस भी डमरू को लगातार तलाश कर रही है, लेकिन डमरू का कहीं पता नहीं चल रहा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बताया जाता है कि डमरू ग्राम खेड़की निवासी अबरार की ई-रिक्शा में जाते देखा गया है। अबरार के साथ फिरोज नामक एक और युवक भी था। परिजनों को आशंका है कि डमरू का अपहरण किया गया है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। डमरू के गायब होने से उसके परिवार में कोहराम मचा है। एएसपी सिटी डॉ. केजी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डमरू की तलाश जारी है।

# सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की दर्दनाक मौत

स्योहारा (चिंगारी)। रविवार को स्योहारा-धामपुर रोड पर एक सड़क भीषड़ सड़क हादसे में 27 वर्षीय नवविवाहित युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मोहसिन पुत्र जमील अहमद निवासी शेरकोट के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मोहसिन शेरकोट से अपनी बुआ के घर गैस सिलेंडर देने स्योहारा आया था। सिलेंडर देकर वह वापस घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पीछे से आई ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान मोहसिन ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को देख मौके पर मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। कुछ ही देर में दुर्घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बाइक पर सवार दूसरा युवक इमरान पुत्र हस्सू पहलवान निवासी शेरकोट इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना स्योहारा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए यातायात को सुचारु कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है, ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

## दुनिया इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा संकट की ओर बढ़ रही- किरिल दिमित्रीव

रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के सीईओ और अन्य देशों के साथ निवेश एवं आर्थिक सहयोग के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष प्रतिनिधि किरिल दिमित्रीव ने कहा कि दुनिया इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा संकट की ओर बढ़ रही है और उसे इसका एहसास भी नहीं है। दिमित्रीव ने एक्स पर टिप्पणी करते हुए कहा, दुनिया इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा संकट की ओर नींद में चलती जा रही है और अब जाकर कुछ समझदार लोग इस पर ध्यान देना शुरू कर रहे हैं। उन्होंने साथी निवेशक एरिक नटाल के ब्लूमबर्ग को दिए एक साक्षात्कार पर टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि तेल की कीमत जल्द ही 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाएगी।

JOB / VACANCY

**बीना प्रकाश हॉस्पिटल**

हमारे हॉस्पिटल में निम्न पदों हेतु योग्य/अनुभवी उम्मीदवारों की तुरन्त आवश्यकता है।

1. मेडिकल ऑफिसर (Female)
   योग्यता- BUMS/BAMS (मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय)
   अनुभव- 0-3 वर्ष (फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं।)
2. फीमेल लेबर रूम स्टाफ
   अनुभव 3-4 वर्ष
   ➢नॉर्मल डिलीवरी का अनुभव आवश्यक
   ➢लेबर रूम प्रक्रियाओं का सम्पूर्ण ज्ञान।
   ➢हिंदी व अंग्रेजी में संवाद करने की क्षमता।
   ➢विनम्र एवं जिम्मेदार स्वभाव

इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त सम्पर्क करें।

सिविल लाइंस, बिजनौर मो. 6395174506



# कांग्रेस जनहित व स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देती आई है: डॉ. आजाद

नजीबाबाद (चिंगारी)। गांधी भवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ का भव्य राज्य स्तरीय सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रदेश भर से आए चिकित्सकों, पदाधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस की राष्ट्रीय चेयरमैन सोशल मीडिया विभाग श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत, सांसद तनुज पुनिया एवं कई पूर्व सांसद मंत्री, विधायक मुख्य रूप से मौजूद रहे। वरिष्ठ नेताओं ने स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, सरकारी नीतियों की खामियों तथा आम जनता को सुलभ व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए ठोस नीति, संसाधनों की उपलब्धता एवं चिकित्सकों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आज़ाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनहित व स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देती आई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश के कोने-कोने तक जाकर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाएगा व जरूरतमंदों तक चिकित्सा सहायता पहुंचाने का कार्य करेंगा। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी समय में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। साथ ही, स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हेतु सरकार पर जनदबाव बनाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति भी तय की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों ने एकजुट होकर प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।



सम्मेलन में अतिथि को प्रतीक चिन्ह देते प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आजाद बेग

## सन शाइन पब्लिक स्कूल में क्लास बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित



नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल में बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें विद्यालय के कक्षा तीन से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों ने विभिन्न विषयों हैप्पी मदर्स डे, स्पोर्टस डे, भविष्य निर्माण अनेकता में एकता, मजदूर दिवस, सफलता प्राप्तकर्ता आदि सभी पर रचनात्मक गतिविधियों से सजावट की। जिसमें निर्णायक मंडल में शामिल विनोद मित्तल, आलोक कुमार अग्रवाल एड., आयुष द्वारा कक्षा आठ को प्रथम तथा कक्षा सात को द्वितीय व कक्षा नौ को तृतीय स्थान पर रखा गया। कक्षा आठ के बच्चों कशिश, आयुषी, फरहान, हिफ़्जान, कृष्णा, निक्की, अनम, शिफा, इस्माइला, अर्शलान, अनमोल कनिष्क, उज्ज्वल, वंश, आख, प्रबल आदि सभी ने अनेकता में एकता विषय पर बड़े सुंदर तरीके से चित्रात्मक प्रस्तुति दी। कक्षा सात के बच्चों ने भी सुंदर गतिविधि द्वारा सभी का मनमोह लिया। जिसमें आदर्श, आर्यन, वासु, प्रीत, ध्रुव, आरिश, उवैश, निनम, सुनैना, मयंक, सरस खेता, कंचन, अलिशा, शिक्षा, अदीबा, वंश आदर्श, इकरा, तोरन सभी ने बहुत मेहनत से सजावट की। कक्षा नौ में आभाष, अमित, रीत, आदित्य बंधन, शाहजेब ने भी बड़े सुंदर तरीके से कक्षा को सजाया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों को भाग लेना चाहिए, इससे उनमें ज्ञानवर्धन के साथ एकता की भावना भी बढ़ती है।

## सिलेंडरों के रेट बढ़ाना हर घर की रसोई पर सीधा हमला: खुर्शीद मंसूरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मई के पहले ही दिन आम जनता पर महंगाई का एक और करारा वार कर दिया है। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर सरकार ने हर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार की कमर तोड़ने का काम किया है। आज 19 किलो का सिलेंडर 993 तथा 5 किलो सिलेंडर 261 महंगा होना सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हर घर की रसोई पर सीधा हमला है। जिस गैस पर हर घर का चूल्हा जलता है, उसी को इतना महंगा कर देना जनता के साथ सीधा अन्याय है। जब भाजपा विपक्ष में थी, कांग्रेस कार्यकाल में थोड़ी भी महंगाई बढ़ती थी तो यह सड़कों पर सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करते थे, लेकिन आज सत्ता में बैठकर जनता की तकलीफों पर पूरी तरह खामोश हैं। आखिर क्यों? क्या आम जनता की परेशानियां अब इन्हें दिखाई नहीं देतीं ये सिर्फ महंगाई नहीं, बल्कि जनता के भरोसे के साथ खुला धोखा है।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) | Pranab Rajput (M.B.B.S) | Roopali (M.B.B.S) | Vanshika Singh (IIT) | Avantika Rana (M.B.B.S) | Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901
Dhruvika Motors LLP
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# मई में पल-पल बदलेगा मौसम का मिजाज, कभी चलेगी लू तो कभी टूटेगा आंधी का क़हर

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार मई माह में जहां एक ओर तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश की भी संभावना जताई गई है।



मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अप्रैल माह के दौरान सक्रिय रहे पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में ओलावृष्टि और सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई। हालांकि मध्य अवधि में किसी प्रभावी मौसम तंत्र के सक्रिय न रहने से तापमान में तेजी से वृद्धि हुई, जिसके चलते बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा में अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो अप्रैल के ऐतिहासिक उच्चतम स्तरों में दर्ज हुआ। इस दौरान प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में लू का भी असर देखा गया। वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में तटस्थ 'एल नीनो' जैसी परिस्थितियां विकसित हो रही हैं, जबकि हिंद महासागर द्विध्रुव भी तटस्थ स्थिति में है।

इन वैश्विक कारकों के संयुक्त प्रभाव से मई माह में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई गई है। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में तापमान अपेक्षाकृत कम रह सकता है, जबकि पूर्वी, मध्यवर्ती और दक्षिणी हिस्सों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे अधिक रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि मई माह के दौरान प्रदेश के उत्तरी तराई क्षेत्रों में लू के दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रह सकती है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में यह सामान्य स्तर पर रहने की संभावना है।

साथ ही, न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी के संकेत हैं, जिससे रातों में उमस और गर्मी का असर बढ़ सकता है। इस बीच, वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से प्रदेश में मौसम फिलहाल साफ और शुष्क बना हुआ है। अगले दो दिनों में तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके प्रभाव से प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ बारिश का नया दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, इस बदलाव के चलते तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। ऐसे में मई के पहले दस दिनों के दौरान प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना फिलहाल कम जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों ने किसानों और आमजन को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम को देखते हुए सतर्क रहें, विशेषकर आंधी और बिजली गिरने की संभावनाओं के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र गौरव कश्यप व उसकी पत्नी पिंकी जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-खुशीराम कश्यप पुत्र रामस्वरूप कश्यप निवासी मोहल्ला चम्पा देवी निकट बंसल टाकीज धामपुर कस्बा व तहसील धामपुर जिला बिजनौर**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## अचानक सामने आये गुलदार को देख महिला के होश उड़े

**शेरकोट (चिंगारी)।** मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला के सामने अचानक दो शावकों के साथ गुलदार आ जाने से महिला भयभीत हो गई। महिला द्वारा गांव में बताए जाने पर पहुंचे ग्रामीणों को देखकर गुलदार जंगल की ओर भाग गया।

**मंदिर से लौट रही थी**

शनिवार को ग्राम पालकी अमन निवासी राजवीर सिंह की पत्नी ममता देवी गांव के निकट स्थित चामुंडा देवी मंदिर में पूजा करने गई थी। महिला के अनुसार जब वह वापस लौट रही थी तो उससे कुछ दूरी पर खेतों से निकल कर अचानक एक गुलदार अपने दो शावकों के साथ रास्ते में आ गया और उसके पीछे-पीछे चलने लगा। गुलदार को अपने पीछे आता देखकर महिला के पसीने छूट गए और वह किसी तरह झपट कर गांव में पहुंची। महिला द्वारा चामुंडा देवी मंदिर के रास्ते में गुलदार होने की बात बताए जाने पर गांव के कई युवक वहां पहुंच गए। लोगों को आता देख गुलदार व उसके शावक जंगल की ओर भाग गए। गांववासियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बार-बार गुलदार गांव के पास चहलकदमी करते देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में दहशत का माहौल है। उन्हें किसी अनहोनी की चिंता सता रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ



1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारी नियुक्त किये नोडल अधिकारी



**बिजनौर (चिंगारी)।** माननीय मुख्यमंत्री के 9 मई 2026 को प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को तहसील धामपुर के डबाकरा हॉल में संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने बताया कि विकास खंड अफजलगढ़ के ग्राम आलमपुर गांवड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूर्व में ही विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे जा चुके हैं तथा नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सजगता और तत्परता के साथ करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में हेलीकॉप्टर लैंडिंग स्थल, सभास्थल, प्रेस गैलरी, सेफ हाउस, पार्किंग सहित सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्थाओं को मानकों के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडी दिनकर भारती सहित लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत, कृषि व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# निष्ठा गुप्ता ने ऐसा तीर चलाया रजत पदक झोली में आया

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने तीरंदाजी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। निष्ठा गुप्ता ने पदक के साथ पचास हजार रुपए की इनामी धनराशि भी जीती। निष्ठा गुप्ता ने दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित फाइनल वूमेन नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में पूर्व में संपन्न हुए नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट के आधार पर बनी रैंकिंग की शीर्ष 16 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।



निष्ठा गुप्ता ने सब जूनियर कंपाउंड वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में निष्ठा को महाराष्ट्र की खिलाड़ी के विरुद्ध हार का सामना करना पड़ा। निष्ठा ने प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में उपविजेता बनने के साथ-साथ निष्ठा ने पचास हजार रुपए की धनराशि भी जीती। निष्ठा गुप्ता की उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। निष्ठा ने अपनी जीत का श्रेय कोच योगेंद्र सिंह राणा को दिया।

# गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने मजदूरों को जूस के पैकेट व फल बांटे

**बिजनौर (चिंगारी)।** गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूरों को मौसमी फल एवं जूस पैकेट बांटे। नगर पालिका चौक पर उपस्थित मजदूरों एवं आने-जाने वाले ठेली, बुग्गी एवं रिक्शा चालकों में आग्रह पूर्वक फल एवं जूस के पैकेट वितरित किये। क्लब सचिव विनीता रघुवंशी ने बताया कि एक मई को मेहनतकश वर्ग के प्रति सम्मान एवं आभार प्रदर्शन के लिए श्रमिक दिवस मनाया जाता है। क्लब अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने पीडीसीपी अरूणा मित्तल का एवं वरिष्ठ सदस्य डा. नीता सिंह तथा सुनीता सिंह को प्रोजेक्ट में भरपूर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। इसके उपरांत सभी सदस्य गायत्री नर्सिंग होम गए, जहां पर ड्यूटी में तैनात स्टाफ, नर्सेज, कम्पाउडर, सफाई कर्मचारियों में भी इस प्रोजेक्ट के तहत फल एवं जूस का वितरण किया गया।

# रोटरी क्लब गंगा ने श्रमिकों को किया सम्मानित

**बिजनौर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब गंगा बिजनौर द्वारा आर्य समाज विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्य समाज इन्टर कॉलेज के प्रबंधक विजेंदर सिंह रहे और विशिष्ट अतिथि आर्य समाज के अध्यक्ष सतेन्द्र रहे। इसके अतिरिक्त मुजफ्फरनगर से अनिल अग्रवाल और अनीता अग्रवाल भी विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन आदेश भटनागर ने और कार्यक्रम का संयोजन क्लब की प्रथम महिला रोटेरियन पारुल अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब गंगा के चार्टर अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल, सचिव रेखा अग्रवाल, क्लब की प्रथम महिला पारुल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदु मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गजे सिंह, पूर्व अध्यक्ष आदेश भटनागर, पूर्व अध्यक्ष हितेश शर्मा, डॉ. नवनेश कोठारी, डॉ. प्रिया कोठारी, डॉ. हितेश शर्मा, राजीव गुप्ता, विमल गुप्ता, शालिनी गुप्ता, रेखा शर्मा, दिनेश शर्मा सहित भवी कोठारी, नारायणी अग्रवाल, नमो शर्मा, पूर्व अध्यक्ष खगेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सूफिया बानो, संजीव कुमार शर्मा आदि सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।



# स्मार्ट मीटर को लेकर बवाल: महिलाओं ने टीम को बनाया बंधक, प्रशासन बना मूकदर्शक

## बढ़े हुए बिल और कटती बिजली से भड़का गुस्सा, डेढ़ घंटे तक हंगामा, पुलिस ने झाड़ा पल्ला

**बिजनौर (चिंगारी)। स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विरोध अब उग्र रूप लेता जा रहा है। प्रशासन की चुप्पी हालात को और बिगाड़ रही है। जिले के अलग-अलग इलाकों में हो रहे विरोध के बावजूद न तो कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है और न ही स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं।**

शनिवार को मोहल्ला काजीपाड़ा, घेर रामबाग रोड स्थित कुंवर पहलवान की टाल के सामने वाली गली में हालात उस समय बिगड़ गए, जब स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम को स्थानीय महिलाओं ने घेर लिया। आरोप है कि टीम के चार लोग आफताब के घर में घुसे और वहां लगे स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ करने लगे। इसका विरोध करने पर कहासुनी हुई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में महिलाएं मौके पर जमा हो गईं।

गुस्साई महिलाओं खुर्शीदा, मोनी, महशर हाजरा और अनीसा आदि ने चारों कर्मचारियों को घेरकर बंधक बना लिया। महिलाओं का आरोप है कि फरवरी में इन्हीं लोगों ने जबरन स्मार्ट मीटर लगाए थे और भरोसा दिलाया था कि अधिक बिल आने या दिक्कत होने पर मीटर हटा लिया जाएगा।



महिलाओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली के बिल बेतहाशा बढ़ गए हैं और बिना कारण बार-बार बिजली काट दी जाती है। उनका आरोप है कि बिल जमा करने के बाद भी घर पहुंचते-पहुंचते फिर से सप्लाई बंद कर दी जाती है। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर से ही सप्लाई बहाल की जाए।

करीब डेढ़ घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान बंधक बनाए गए लोगों ने अपने दो अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया, लेकिन महिलाओं ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। आखिरकार पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं से बातचीत की, लेकिन मामले को अपना दायरा न बताते हुए पल्ला झाड़ लिया। इसी बीच मौका पाकर सभी कर्मचारी वहां से निकल गए।

### समस्या का समाधान हो

स्मार्ट मीटर योजना को लेकर लोगों में बढ़ता आक्रोश और प्रशासन की उदासीनता अब बड़े विवाद का रूप लेती जा रही है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### खंभे पर टंगा मीटर बना मुसीबत

**राम सिंह के परिवार का मामला भी लोगों के गुस्से को हवा दे रहा है। फरवरी में जब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे, तब राम सिंह ने इसका विरोध किया था। आरोप है कि इसके बावजूद उनकी सप्लाई पुराने मीटर से काटकर स्मार्ट मीटर से जोड़ दी गई और मीटर को घर के बाहर खंभे पर टांग दिया गया। तब से यह मीटर वहीं लटका है और परिवार बढ़े हुए बिलों से परेशान है।**



# भाजपा नेता की चोरी में फ़रार, दूसरा आरोपी भी माल सहित गिरफ़्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के भाजपा नेता लवी अग्रवाल के चौक बाजार स्थित हरिओम वेरायटी स्टोर में लाखों रूपए की चोरी में फरार दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने माल व नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। करीब दो सप्ताह पूर्व चोरों ने रात में भाजपा नेता की दुकान में छत के रास्ते घुसकर वहां से नोटों के गजरों के साथ लाखों रूपए के नए नोटों के पैकिट व चांदी के सिक्के चोरी कर लिये थे। पुलिस ने एक सप्ताह बाद मुख्य आरोपी मौ. रफी उर्फ बब्बू निवासी अमरोहा को गिरफ्तार कर उसके पास से दुकान में चोरी की पांच लाख रूपए की नकदी व चांदी के सिक्के बरामद कर चोरी कर खुलासा कर दिया था। पूछताछ में चोरी में उसके साथी इमामुद्दीन का नाम सामने आया था, जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में लग गई थी। पुलिस ने आखिरकार फरार चल रहे चोरी के दूसरे आरोपी इमामुद्दीन निवासी अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी इमामुद्दीन के पास से चोरी की 16 हजार रूपए की नकदी व चांदी के 15 सिक्के बरामद किये। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का है तथा उसका काफी लम्बा अपराधिक रिकार्ड है तथा उसके खिलाफ चोरी, गैंगस्टर एक्ट व अवैध हथियारों सहित कई मुकदमें दर्ज है।

## समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। स्थानीय तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने पीड़ितों की फरियाद सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में 23 शिकायतें दर्ज कराई गई जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। इस मौके पर एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ अंजनी कुमार, तहसीलदार डॉ. संतोष कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार ममता यादव सहित काफी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शमशाद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर लगा ब्लड डोनेट कैम्प



**बिजनौर ( चिंगारी )**। पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर ब्लड डोनेट कैम्प लगाया गया। मौहल्ला खात्रियान स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित ब्लड डोनेट कैम्प का शमशाद अंसारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कैम्प में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शमशाद अंसारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को ब्लड डोनेट करना चाहिए। जरूरत के समय यही ब्लड लोगों की जिंदगी के लिए काम आता है। इसलिए रक्तदान करते रहना चाहिए। ब्लड बैंक यशवंती ब्लड सेंटर की तरफ से लगाया गया, जिसे सलमान अहमद, अलीम, अमित, शाकिर आदि ने संचालित किया, जिसमें मोहसिन अहमद, क़ारी रिहान अहमद, मैराज बिजनौरी, शहबाज़ हसन, आसिफ अंसारी, अरशद, डॉ. अमज़द, डॉ. दानिश, डॉ. अज़ीम, असलम इरफ़ान आदि का विशेष सहयोग रहा।

## मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य बेस्ट ट्रेनर सम्मानित

**मंडावर ( चिंगारी )**। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल मंडावर के प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत को डीपीएस हरिद्वार में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एक बेस्ट ट्रेनर सम्मान से सम्मानित किया गया।



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में लगभग 30 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशिक्षण निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव व केन्द्रीय उत्कृष्टता प्रमुख प्रो. मनीष त्यागी संयुक्त निदेशक देहरादून द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। डॉ. मदन सिंह रावत विगत 8 वर्षों से एक कुशल प्रशिक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं, जिसमें वे 40 घन्टों का ऑनलाइन प्रशिक्षण व लगभग 50 दिनों का ऑफलाइन प्रशिक्षण के शिक्षक/शिक्षिकाओं को प्रदान कर चुके हैं। डॉ. रावत वर्तमान में मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल मंडावर में विगत तीन वर्षों से प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं और वह उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा जिले के स्थाई निवासी हैं। डॉ. रावत का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में कौशल क्षमता को विकसित करने का रहता है। डॉ. रावत का आकाशवाणी नजीबाबाद से भी लगभग 20 वार्ताओं का प्रसारण हो चुका है।

## प्राचीन शिव मंदिर में विशाल भंडारा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद



**बिजनौर ( चिंगारी )**। स्थानीय मोहल्ला नई बस्ती स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और चारों ओर जयकारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु अपने आराध्य के प्रति गहरी आस्था के साथ भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित कौशल किशोर कौशिक द्वारा कराई गई, जिसमें वर्धमान कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रप्रकाश आर्य एवं डॉ. संतोष कुमारी ने बाबा खाटू श्याम जी का भोग एवं आरती पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन शुरू हुआ, जो देर तक चलता रहा। भंडारे के सफल आयोजन में पं. अस्माकं कौशिक, वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र निरंकारी, रवि प्रकाश आर्य, अनिल सक्सेना, तनु सक्सेना, कु. छवि, दिव्या प्रजापति (हल्दौर), शोभित जैन, मालती आदि का विशेष सहयोग रहा।



# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर जनपद-बिजनौर

दूरभाष: 01342-260073 ई. मेल-eonppbijnor@gmail.com

पत्रांक सं. 669/न.पा.परि.बिज./2026-27 दिनांक-01-05-26

## दर आमंत्रण सूचना

समस्त ठेकेदार / फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् बिजनौर, के सफाई एवं स्वास्थ्य अनुभाग मे पालिका हित एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए वर्षा ऋतु आरम्भ होने से पूर्व निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त नालों की तलछट सफाई हेतु 150 सफाई मजदूरों की आवश्यकता है, जिनकी दरें प्राप्त करने हेतु दिनांक 10.5.28 की सायं 03:00 बजे तक लिफाफा बन्द दरें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार निर्धारित तिथि व समय के अन्दर कार्यालय दिवस में दरों से सम्बन्धित अपनी निविदा नगर पालिका परिषद् के सफाई अनुभाग में उपलब्ध करा सकते हैं।

निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त कोई दरें प्राप्त नहीं की जायेगीं व किसी भी दरों का स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदया को निहित होगा।

| क्रम सं. | शासन द्वारा निधारित दैनिक मजदूरी | नाला सफाई मजदूरों की संख्या | मजदूरी प्रतिमाह (रूपये में) | अवधि | कुल अनुमानित व्यय (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 490/-रू प्रति (पी.डबलू.डी. शैड्यूल रेट | 150 | 22,05,000.00 | दो माह | 44,10,000.00 |

( विकास कुमार )
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

( इन्दिरा सिंह )
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

# धामपुर शुगर मिल में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

## मजदूरों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी



**धामपुर ( चिंगारी )**। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजयानंद त्रिपाठी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, धामपुर रहे। अपने संबोधन में श्री त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रम कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों/कर्मचारियों तथा उनके पारिवारिक जनों के कल्याण हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन श्रमिकों-कर्मचारियों का मासिक वेतन 24,000 रुपये से कम है, वे इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

श्री त्रिपाठी ने श्रमिकों को मिलने वाले लाभों एवं नए श्रम कानून के प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर डिस्टलरी हेड सुनील राणा ने कहा कि उद्योग के विकास से ही श्रमिकों एवं कर्मचारियों का विकास संभव है। अत: हम सभी को कार्य कुशलता बढ़ाकर एवं अच्छी गुणवत्ता का उत्पाद तैयार कर मिल को और अधिक सक्षम बनाना है, जिससे सभी का कल्याण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने श्रमिकों के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें कंपनी की रीढ़ बताया तथा उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रबंधन की प्रतिबद्धता दोहराई।

समारोह में विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे एवं प्रबंधन को श्रमिक हितैषी कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एचआर हेड विवेक सिंह यादव ने श्रमिकों कर्मचारियों को सुझाव पेटिका में अपने कार्य से संबंधित कार्य दिशा को सुधारने हेतु सुझाव देने के लिए आग्रह किया। श्रमिक प्रतिनिधियों की ओर से प्रीतम सिंह प्रदीप कुमार, शिखर चंद, धर्मेंद्र सिंह आदि ने अपने विचार रखें।

कार्यक्रम में सत्यवीर सिंह, विकास अग्रवाल, भारत भूषण बरनी, हिमांशु शर्मा, विवेक सिंह यादव, करुण अग्रवाल, शरद गहलौत, लविश कुमार, विनोद राणा, दुर्गेश राठोर, धर्मेंद्र सिंह, शिखर चंद, पीतम सिंह, वीरेंद्र यादव, ओम प्रकाश सिंह, कमल सिंह पंवार, विजय कुमार, अजय पांडेय, अमित मिश्रा, हारुन खान, वेंकटेश, वीरेंद्र सुपरवाइजर, पवन ठेकेदार, करणवीर सिंह, अंकित त्यागी, शोभित सक्सैना आदि अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।

# अधिवक्ताओं ने सड़क निर्माण को लेकर डीएम से मांग की उन्हें ज्ञापन देकर



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ता कुणाल गांधी।

**धामपुर ( चिंगारी )**। एसडीएम कोर्ट धामपुर की सड़क की खराब स्थिति को लेकर अधिवक्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को पुन: ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया की कि इसी मार्ग से आला अधिकारियों व आम जनता का आवागमन भी होता है, फिर भी सड़क निर्माण न होना चिंता का विषय है। इससे पूर्व में भी जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को शिकायती पत्र के माध्यम से सड़क निर्माण का पत्र दिया गया था, परन्तु निराशाजनक परिणाम रहा है। पुन: फिर अधिवक्ताओं ने भरोसा जताते हुए सड़क निर्माण की मांग की है। जिलाधिकारी द्वारा समस्या को गंभीरता से लेकर संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया गया।

ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट कुणाल गांधी, एड. शाहिद अली ( उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन धामपुर) जफर अहमद एड., तालिब खान एड., सना परवीन एड., साहिल एडवोकेट, सदान सईद एड. (संयुक्त सचिव प्रशासनिक बार एसोसिएशन धामपुर) हिरेंद्र कुमार एड. (संयुक्त सचिव प्रकाशन) बृजेश कुमार एड., सरफराज एड., संदेश एड. आदि मौजूद रहे।

## राइट टू एजुकेशन एक्ट विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )**। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के माह मई 2026 के एक्शन प्लान के तहत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के निर्देशानुसार राइट टू एजुकेशन एक्ट 2009 विषय पर एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्राईमरी पाठशाला मिलक पूरनपुर ब्लॉक अल्हैपुर में किया गया। इस अवसर पर पी.एल.वी. जयवीर सिह ने बताया कि 86वें संविधान संशोधन 2002 द्वारा संविधान के अनुच्छेद 21 ए में 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्रारम्भिक शिक्षा (कक्षा 1-8 तक) को मौलिक अधिकार बनाया गया है। 1 अप्रैल 2010 से लागू इस कानून में निजी स्कूलों में भी वंचित बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई है तथा प्रवेश के समय माता- पिता का इण्टरव्यू/ स्क्रीनिंग प्रतिबंधित है।



यूनिट हेड आशीष शर्मा को महाराणा प्रताप का चित्र भेंट करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

# आशीष शर्मा का स्वागत किया

**धामपुर ( चिंगारी )**। महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया ने आशीष शर्मा को यूनिट हेड शुगर मिल धामपुर उपाध्यक्ष पद पर नई नियुक्ति होने पर सिसोदिया शिरोमणि महाराणा प्रताप का चित्र भेंट किया। इस अवसर पर ठाकुर सिंह, महेंद्र सिंह, महेश दरोगा, लोकमनत सिंह, प्रिंसिपल साहब, जयवीर सिंह सिसोदिया (जिला अध्यक्ष महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर), धर्मेंद्र सिसोदिया एवं विजय गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# राजेन्द्र कुमार टंडन को न्यूज अचीवर्स मेकर्स अवार्ड मिलने से धामपुरवासी गदगद



**धामपुर ( चिंगारी )**। धामपुर में जन्मे और शिक्षा अर्जित करके मुरादाबाद में जाकर बसे राजेंद्र कुमार टंडन को मुंबई में देश का प्रतिष्ठित न्यूज़ अचीवर्स मेकर्स अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान महाराष्ट्र के राज्यपाल विष्णु देव वर्मा की उपस्थिति में संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्षा संध्या पोरछा, अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. वैदेही तामण तथा फिल्म निर्माता-निर्देशक व अभिनेता अजीत दाभोलकर द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र कुमार टंडन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अपने संबोधन में उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों और अनुभवों को साझा किया तथा इस सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया ।

श्री टंडन ने अपने पिता के कार्यों को आगे बढ़ने का संकल्प लेते हुए धामपुर( बिजनौर) से प्रारंभ हुई अपनी संघर्ष यात्रा का वर्णन किया और मुरादाबाद में शिक्षा संस्कृति,साहित्य व जन सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से डॉ. वैदेही तामण और डॉ. यतीन्द्र कटारिया विद्यालंकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

यह भव्य आयोजन मुंबई के ऐतिहासिक स्थल नरीमन प्वाइंट स्थित एस.बी. चव्हाण ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। देश के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त कर धामपुर और मुरादाबाद का गौरव बढ़ाने वाले राजेंद्र कुमार टंडन की इस विशिष्ट उपलब्धि पर उनके मित्रों शुभचिंतकों व शहर वासियों न हर्ष व्यक्त किया है।

# कामाख्या देवी मंदिर का धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**धामपुर ( चिंगारी )**। नगीना मार्ग स्थित अग्निशमन केंद्र परिसर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ माता कामाख्या देवी मंदिर का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल प्रभार डॉक्टर एनपी सिंह तथा डॉ. शिखा सिंह को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कामाख्या देवी की मूर्ति को स्नान कराने के बाद वस्त्र आभूषणों से सुसज्जित कर किया गया। इसके बाद आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम के मुख्य यजमान अग्निशमन केंद्र के प्रभारी सत्यवीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शशि देवी, जतिन कुमार और ललित कुमार के अलावा विजेंद्र सिंह एवं भगवान देवी ,धर्मेंद्र पंवार एवं गीता देवी पंवार, राज पंवार तथा कृष्ण देव पंवार आदि रहे। मंदिर के व्यवस्थापक कृष्ण कुमार गोस्वामी बाबू भैया के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम को पुरोहित आचार्य पंडित कोमल कुमार शर्मा ने संपादित कराया। कार्यक्रम की सफलता में श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के संस्थापक सुभाष चंद्र कौशिक, संरक्षक पंकज भटनागर, अध्यक्ष मयंक अग्रवाल का योगदान रहा।

# गौरैया वाली हवेली पहुंचीं जिलाधिकारी जसजीत कौर



जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए डा. मनोज वर्मा।



गौरैया वाली कोठी में डा. मनोज वर्मा व हवेली में रहने वालों से बात करते हुए जिलाधिकारी।

**स्योहारा (चिंगारी)।** जिलाधिकारी ने शनिवार को नगर से सटे गांव फैजुल्लापुर स्थित विग (बालों से बने उत्पाद) फैक्ट्री का निरीक्षण किया। जिसके बाद वह मोहल्ला शेखान स्थित शेख जमाल की गौरैया वाली हवेली पहुंचीं और गौरैयों के रहन-सहन, खाने-पीने की व्यवस्थाओं को देखा और एक साथ बहुत सारी गौरैया देख खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि बचपन में अक्सर गौरैया देखी जाती थीं, लेकिन अब उनकी संख्या में कमी आई है। यहां हजारों गौरैयाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और पक्षी संरक्षण को आवश्यक बताया। उन्होंने गौरैया संरक्षण के इस प्रयास की सराहना

## एक साथ हजारों गौरैयों को देख खुशी का इजहार किया

करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शेख जमाल और डाक्टर मनोज वर्मा ने जिलाधिकारी को हाथों से बने घोसले भेंट किए। डाक्टर मनोज वर्मा ने जिलाधिकारी को हवेली के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने शेख जमाल की सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम स्मृति मिश्रा, नायब तहसीलदार विजय कुमार, ईओ विजेंद्र सिंह पाल, डॉ. मनोज वर्मा, बदर खान, लेखपाल अनिल कुमार, थाना प्रभारी संजय कुमार, अनिल जैन,रईश मालदार, शाज अली अकबर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्री कार्यालय स्थानान्तरित करने की मांग



एडीएम को ज्ञापन देते हुए भाजपा कार्यकर्ता

**चांदपुर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जनहित में तहसील परिसर में द्वितीय तल पर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय को सीओ आफिस के पास स्थित बिल्डिंग में स्थानांतरित किये जाने की मांग की। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा तहसील दिवस में उपस्थित अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय द्वितीय तल पर होने के कारण वृद्धों, विकलांगों व बीमार लोगों को ऊपर जाने में बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। तहसील परिसर में सीओ आफिस के पास पैसे खर्च कर रजिस्ट्री कार्यालय को तैयार कराया गया था, लेकिन आज तक रजिस्ट्री कार्यालय को द्वितीय तल से नीचे नहीं लाया गया है, जिसके कारण वृद्धों, विकलांगों व बीमार लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही। ज्ञापन देने वालों में भाजपा के जिला मंत्री केशव चौधरी, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, रजनीश चौहान, हर्ष जावा, गोविंद गिरि, दीपू गिरि आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने दम तोड़ा, बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** 12 दिन पूर्व अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हुए बाइक चालक की एम्स, ऋषिकेश में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। आज स्थानीय गंगा घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया।

ज्ञातव्य है कि विगत 21 अप्रैल की शाम करीब साढ़े पांच बजे समीपवर्ती ग्राम हरचंदपुर निवासी तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल से नांगल से अपने गांव जा रहे थे। ग्राम मायापुरी के सामने उनकी बाइक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई थी। बाइक चला रहा धनीराम (43 वर्ष) पुत्र नीलाराम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीछे बैठे हरपाल और रामकुंवर मामूली रूप से घायल हुए थे। धनीराम को बिजनौर से रैफर किये जाने पर एम्स, ऋषिकेश में भर्ती कराया गया था। उसके सिर में गंभीर चोट थी। कल एम्स में उपचाराधीन अवस्था में धनीराम की मृत्यु हो गई। देर शाम उसका शव घर पर पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। आज स्थानीय गंगा घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक जाति से कुम्हार था तथा ईंट-भट्टे पर कार्य करता था। उसकी मृत्यु से उसके बच्चों के सम्मुख रोजी-रोटी का गंभीर संकट आ खड़ा हुआ है।

# डा. तोमर के महामंत्री बनने पर खुशी जताई, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई



डा. विपिन तोमर

**चांदपुर (चिंगारी)।** वरिष्ठ रालोद नेता डा. विपिन तोमर के लगातार 5वीं बार रालोद का जिला महामंत्री बनाये जाने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

नगर के शिवलोक कालोनी में रहने वाले वरिष्ठ नेता डा. विपिन तोमर को लगातार 5वीं बार रालोद की जिला कार्यकारिणी में जिला महामंत्री बनाये जाने पर समर्थकों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई। रालोद के नवनियुक्त जिला महामंत्री डा. विपिन तोमर ने कहा कि वे पूर्व की भांति पार्टी की नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ पार्टी को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जी-जान से जुट जाने का भी आह्वान किया।

# सेवा सुरक्षा व पुरानी पेंशन के लिए धरने पर बैठे माध्यमिक शिक्षक



**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर विशाल धरना आयोजित किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ़ अध्यक्षता तथा जिला मंत्री विनोद कुमार के संचालन में सैकड़ों शिक्षकों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं तथा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा निदेशक एवं शिक्षा सचिव से शिक्षा व्यवस्था में वंचित सुधार कर समस्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की।

जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धारा 18 तथा धारा 12 की बहाली, पुरानी पेंशन की बहाली, व्यवसायिक शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग, वंचित शिक्षकों का विनियमितीकरण तथा 22 मार्च 2016 की राजज्ञा से विनियमित किए गए शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर यह धरना आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर डीआईओएस के कार्यालय में शिक्षकों के विभिन्न प्रकार की अवशेष, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरण, एनपीएस की धनराशि का ठीक से रख रखाव संबंधी बहुत ही समस्याएं लंबित हैं जिसके लिए बाध्य होकर माध्यमिक शिक्षकों को यह धरना आयोजित करना पड़ा।

धरना स्थल पर वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक पूर्व जिला अध्यक्ष तथा वर्तमान में संगठन के संरक्षक विनेश त्यागी, पूर्व जिला मंत्री टिकेश चौधरी, अनिल योगी, सरदार गुरुशरण सिंह, ब्रजवीर सिंह, मयूर मलिक, निर्दोष कुमार, भानुप्रताप सिंह, राजेंद्र सोलंकी, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार आदि शिक्षकों ने धरने को संबोधित किया। जिला विद्यालय शिक्षक जयकरण यादव को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सहानुभूतिपूर्वक ज्ञापन को मुख्यमंत्री को प्रेषित करने का आश्वासन दिया तथा अपने स्तर से अपने कार्यालय की सभी समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने का भी आश्वासन दिया।

## दोहे

# पीतलनगरी नाम से...

रोज़ तरक्क़ी कर रहा, सुबह-शाम-दिन-रात।
पीतलनगरी नाम से, शहर विश्व विख्यात।।

हर दिन दिखे विकास का, मीठा-सा अनुवाद।
देखो अभिनव दृष्टि से, नया मुरादाबाद।।

कभी कंपनी बाग था, उजड़ा-सा वीरान।
अब उसके सौन्दर्य पर, करे शहर अभिमान।।

आकर्षण का गढ़ रहे, नित्य नया व्यवहार।
पीली कोठी चौक पर, राष्ट्रगर्व 'सरदार'।।

'कांठ रोड' या 'अटल पथ', या फिर 'बुध बाजार'।
सुन्दर 'दिल्ली रोड' भी, मान रहा उपकार।।
'संविधान-साहित्य' का, पार्क नयन अभिराम।
और बन गयी वाटिका, पावन 'हनुमत धाम'।।

बना 'वार-मैमोरियल', अद्‌भुत गौरव-गान।
'सात अजूबा पार्क' भी, हुआ शहर की शान।।

पुरुषोत्तम, अम्बा, फिदा, गोस्वामी, बलवीर।
गौरव, मीना, भारती, मक्खन, मिश्र, अधीर।।

माहेश्वर, हुल्लड़, जिगर, कमर, कैफ, दुष्यंत।
इन पर भी यदि काम हो, तो सुख मिले अनंत।।

पार्क, मार्ग, या चौक के, नामकरण का काज।
करे मुरादाबाद का, हर्षित सकल समाज।।

फ़र्ज़ निभायें लोग सब, दृढ़ हो यदि सरकार।
तभी 'रामगंगा' बने, जीवन की जलधार।।

सख़्त ज़रूरत शहर की, न कोई यह स्वांग।
यहां बने 'हिन्दी भवन', यह हम सबकी मांग।।



**-योगेन्द्र वर्मा**
'व्योम', मुरादाबाद

## श्रद्धांजलि ( गीत )

# मासी है माँ जैसी -

माँ जैसा प्यार किया मौसी है कहलायी।
जब याद करे यादें आंखें ये भर आयीं।

क्यो छोड़ गयी सबको सब पल-पल याद करे।
यादों के सायो से सबकी ही आंख भरे।
उनकी यादें पल-पल सबको ही तड़पायी।
माँ जैसा प्यार किया मौसी है कहलायी।

जब भी हम याद करें बातें याद आती हैं।
ये मेरी क़लम देखो नीर बहाती है।
मेरे सपनों में देखो आशीष देने आयी।
माँ जैसा प्यार किया मौसी है कहलायी।

जब फोन कभी करते करती प्यारी बातें।
आंसू अब न रुकते जैसे हो बरसाते।
अब न सुन पाएंगे कभी यादें हैं रुलायी।
माँ जैसा प्यार किया मौसी है कहलायी।

**-राखी उपासना कौशिक**
(हंगामा ट्वीएन्स)
धामपुर, बिजनौर

# बुंदेलखंड की राम-संस्कृति

भारतीय जन-जीवन में रामकथा की व्यापकता का अनुमान लगाना अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारतवर्ष में एक सीमित समय के लिए किसी भी प्रांत अथवा उसके जनपद या ग्रामीण अंचल में निवास करने वाला कोई भी व्यक्ति हो अथवा परिवार, रामकथा की महत्ता से अपरिचित नहीं रह सकता। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि 'राम'-नाम और रामकथा का प्रभाव इस देश के वायुमंडल का प्राणभूत तत्व बन गया है। भारतीय ग्रामीण और शहरी जीवन पर प्रमुखतया महाकवि तुलसीदास रचित 'श्रीरामचरितमानस' और पं. राधेश्याम कथावाचक द्वारा रचित 'श्री राधेश्याम रामायण' का प्रभाव व्यापक रूप से परिलक्षित होता है। यद्यपि गोस्वामी तुलसीदास ने अपने 'मानस' की 'प्रस्तावना' में यह बात बहुत स्पष्ट रूप से स्वीकार की है कि उनके 'मानस' का मूलाधार 'श्री वाल्मीकि रामायण' ही है। यही नहीं, भारतवर्ष हो अथवा विश्व का कोई भी देश जहां राम-काव्य का सृजन हुआ है, उस पर 'श्री वाल्मीकि रामायण' का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। इसी सर्वव्यापकता से 'श्री रामकथा का महत्व' निर्विवाद द्योतित होता है।

वस्तुत: श्रीराम भारतीय जन-संचेतना के प्राण हैं। श्रीराम के बिना भारतीय संस्कृति, जीवन-दर्शन और साहित्य निष्प्राण हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति के इतिहास में श्रीराम कथा और उससे संबंधित वांग्मय तथा उसके माध्यम से अभिव्यक्त होने वाली जीवन-चेतना और उस पर आधारित विविध कालीन एवं विविध रूपी कला सृजन का अप्रतिम महत्व है। श्रीराम की कथा में मानवीय आचरण के जिन उदात्त आदर्शों और मूल्यों की प्रतिष्ठा हमें आज तक देखने मिलती है, उनकी उपयोगिता और महत्व किसी एक देश अथवा काल संदर्भों तक ही सीमित नहीं है।

उल्लेखनीय है आज भारत के अतिरिक्त अमेरिका, चीन, रूस, यू.के., फ्रांस, जर्मनी, इटली, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, वेस्टइंडीज, सूरीनाम, सूडान, नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, श्रीलंका, सिंगापुर, मलेशिया, फिजी, जापान आदि यूरोपीय और पाश्चात्य देशों में श्रीराम-कथा और उसके व्यापक सांस्कृतिक प्रभाव को देखा जा सकता है। श्रीराम और उनके आदर्श मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा उन देशों को जीवंत चेतना प्रदान कर रही है। महाकवि तुलसीदास ने बालकांड में श्री राम के इसी माहात्म्य को आद्योपान्त प्रतिपादित करते हुए कहा भी है—

**सियाराममय सब जग जानी।**
**करहुँ प्रणाम जोरि जुग पानी।।**

वास्तव में श्रीराम कथा और 'रामायण' ने भारतवर्ष के सांस्कृतिक जीवन और इसके इतिहास को कितना प्रभावित किया है, इसके निरूपण में देशी-विदेशी विद्वानों और विवेचकों द्वारा जितना कुछ कहा जा चुका है, उसे एकत्र कर संकलित



करने से एक विशाल ग्रंथ ही नहीं, एक विशाल पुस्तकालय बन जाएगा।

बुन्देलखंड भी श्रीराम के इस सार्वकालिक प्रभाव से वंचित नहीं है। उत्तर-प्रदेश तथा मध्य प्रदेश का विस्तीर्ण बुंदेलखंड-प्रखंड भारतवर्ष का हृदय स्थल है। प्रो. पुनीत बिसारिया के अनुसार— आज से 20 करोड़ वर्ष पहले भारत का कटि प्रदेश जिसमें वर्तमान बुंदेलखंड शामिल था, में विश्व का प्राचीनतम भू-भाग हुआ करता था।..............यह प्राचीनतम भूमि थी, अत: यहां पर सभ्यता ने भी सर्वप्रथम अंगड़ाई ली और बुंदेलखंड अंचल में अगस्त्य, अपाला, मैत्रेयी, च्यवन, आदिकवि महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वेदव्यास, भवभूति आदि ऋषियों-ऋषिकाओं ने यहां जन्म लेकर इसे अपनी सृजन भूमि बनाया। — अवध ज्योति, अप्रैल-जून, 2024, पृ. 5

प्रो. पुनीत बिसारिया ने बुंदेलखंड-प्रखंड को स्पष्ट करते हुए आगे लिखा है— वर्तमान समय में प्रचलित 'बुंदेलखंड' की सीमा उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश में विभक्त है। उत्तर प्रदेश के अंतर्गत झाँसी, जालौन, ललितपुर, महोबा, बाँदा, हमीरपुर, चित्रकूट जिले आते हैं, जबकि मध्य प्रदेश के अंतर्गत ग्वालियर, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, मुरैना, जबलपुर, नर्मदापुरम्, विदिशा, टीकमगढ़, ओरछा, नरसिंहपुर, सिवनी, दतिया, दमोह आदि को रखा जा सकता है।— अवध ज्योति, अप्रैल-जून, 2024, पृ. 6

निस्संदेह, बुंदेलखंड का यह समग्र प्रखंड वह क्षेत्र है जो 'श्रीराम-कथा' की भक्ति-रस संजीवनी से आप्यायित है। श्री राम-संस्कृति की सर्वव्यापकता एवं वैविध्यपूर्ण समृद्धि से यह प्रखंड ओत-प्रोत है। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बुंदेलखंड की श्रीराम संस्कृति में राम जी को केवल एक पौराणिक महानायक नहीं, बल्कि एक जीवंत और उच्च मानवीय आदर्श के रूप में मानते हैं।

ध्यातव्य है श्री वाल्मीकि रामायण के रूप में श्री राम काव्य-परंपरा का सूत्रपात महाकवि वाल्मीकि द्वारा इसी बुंदेलखंड-प्रखंड में चित्रकूट-परिक्षेत्र में हुआ। इसी प्रकार महाकवि विष्णुदास ने 1442 ई. में 'रामायण कथा' का सृजन किया जो बुंदेली-मिश्रित ब्रजभाषा में रचित है। इसी प्रकार महाकवि तुलसीदास ने 'श्रीरामचरितमानस' और आचार्य केशवदास ने 'रामचंद्रिका' महाकाव्य का सृजन 16वीं शताब्दी में किया। 17वीं शताब्दी में लोक कवि मोहनदास मिश्र ने 'रामाश्वमेध' और मुंशी अजमेरी ने 'श्री रामचरितमानस' और 'बाल रामायण' के माध्यम से श्री रामकथा को प्रस्तुत किया। इधर बीसवीं सदी में महाकवि मैथिली शरण गुप्त ने 'साकेत' महाकाव्य, श्रीनिवास शुक्ल ने 'कुछ बोलो राम', रघुवर प्रसाद खरे ने 'मर्यादा पुरुषोत्तम राम', गोविंद दास 'विनीत' ने 'महानायक श्रीराम', डॉ. परमलाल गुप्त ने 'महानायक श्री राम' और डॉ. रामनारायण शर्मा ने 'जयराष्ट्र' शीर्षक से श्रीराम कथा के माहात्म्य को प्रस्तुत करते हुए महत्वपूर्ण कृतियां दीं। यह अकूत सृजन न केवल बुंदेलखंड की सारस्वत भूमि को श्री राम-रसायन से सराबोर कर रहा है, अपितु अपनी सांस्कृतिक महक से समग्र भारतवर्ष और विदेश की धरती को भी सुवासित कर रहा है।

वस्तुत: बुंदेलखंड की सांस्कृतिक पुण्य धरा पर श्री राम-कथा, रामायण पाठ और रामलीला का निरंतर आयोजन होता रहता है, अपितु बुंदेली भाषा के लोकगीतों और लोकनृत्य के माध्यम से भी श्रीराम की जीवन गाथा को सुनकर जनता-जनार्दन धर्म लाभ करती रहती है। बुंदेलखंड परिक्षेत्र के असंख्य रचनाकारों ने बुंदेली और हिंदी खड़ी बोली के माध्यम से प्रचुर साहित्य का सृजन किया है। श्री राम-कथा-साहित्य की श्री गंगा धारा निरंतर प्रवहमान है। निस्संदेह, श्रीराम और उनका जीवन बुंदेलखंडवासियों का ही नहीं, अपितु समग्र भारतवासियों को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान करता रहता है।

सारत: भारत में संस्कृतियों का जो विराट समन्वय हुआ है, श्रीरामकथा उसका अत्यंत उज्ज्वल प्रतीक है। इसका मुख्य कारण है कि श्रीरामचरित में मानव जीवन का ऐसा कोई आयाम नहीं है जिसका चित्रण उसमें नहीं हुआ है। 'रामायण' भारतीय संस्कृति का निर्मल दर्पण है यही कारण है कि बुंदेलखंड में भी जन-जन ने श्रीराम के चरित्र को अपना आधार स्तंभ माना है। 'श्रीरामायण' के द्वारा श्रीराम संस्कृति बुंदेलखंड का विधि रूपों में आदर्श बनी हुई है। निस्संदेह, 'श्रीराम' और 'श्रीरामायण' की सांस्कृतिक उपादेयता बुंदेलखंड का प्राण है। यही नहीं, यह समग्र विश्व का कल्याणकारक चरित महाकाव्य है।

**-डॉ. महेश 'दिवाकर'**
डी.लिट., से.नि. आचार्य-हिंदी
सरस्वती भवन,
मिलन विहार, मुरादाबाद (उ.प्र.)
मो. 9927383777

# ..फिर भी समानता क्यों नहीं?

**एक ही सफ़ में खड़े हो गये महमूद-ओ-अयाज़,**
**न कोई बंदा रहा और न कोई बंदा-नवाज़।**

अल्लामा इकबाल का उक्त शेर इस्लाम में अपना ख़ास मक़ाम रखता है और मायनी खेज़ भी हैं अगर शेर की तशरीह अर्थात व्याख्या की जाये तो उससे साफ़ हो जाता है कि इस्लाम में अल्लाह के सामने झुकने अर्थात इबादत (प्रार्थना) वाले स्थान यानी मस्जिद में कोई ऊंच-नीच, छोटे-बड़े या वी.आई.पी.स्थान की परिकल्पना ही नहीं है अर्थात मस्जिद में नमाज़ से पहले जो भी इंसान प्रवेश करता है वो वुज़ु (मुंह, हाथ-पांव धोना) करने के पश्चात अगली सफ़ (लाइन) में इमाम (नमाज़ पढ़ने वाले मौलाना) के पीछे खड़ा होकर नमाज़ अदा करता है, उसके बाद कोई कितना भी बड़ा धुरंधर,पदाधिकारी,आलिम, फ़ाज़िल या कोई वी.आई.पी.ही क्यों न आजाए उसको पीछे ही खड़े होकर नमाज़ अदा करनी होती है। साधारण भाषा में कहें तो यह शेर इस्लाम में समानता, भाईचारे और निष्पक्षता का प्रतीक कहा जा सकता है, जो बताता है कि अल्लाह के सामने सभी बराबर हैं, चाहे वह राजा हो या गरीब।

## बहुत-ख़ूब

बहुत-ख़ूब इसलिए क्यों कि ये एक शानदार इस्लामिक नियम है जिस पर आज भी अमल किया जाता है शायद इसी नियम से प्रभावित होकर शायर ने उपरोक्त शेर कहा होगा और उपरोक्त शेर इस सिद्धांत व परिकल्पना पर खरा तथा सटीक भी उतरता है।

मगर दूसरी ओर देखने में आया है, अब इसे हम राजनीति कहें या सामाजिक बिगाड़, जो इस्लाम के लिहाज़ से बिल्कुल भी दुरुस्त व उचित नहीं है और वो ये है कि आज गांव से लेकर छोटे शहरों में अकसर देखा जा रहा है कि एक गांव और शहर के मोहल्ले में यदि 3-4 जाति या वर्ग विशेष के लोग रहते हैं तो सबने अपनी अलग-अलग मस्जिदें तामीर (निर्माण) कर ली हैं।

ये बात और है कि मस्जिदों में मुक्तदि (नमाज़ पढ़ने वाले) बहुत कम हैं कुछ जगह तो देखने में आया है कि मस्जिदें खाली भी रहती हैं।

कहने को कहा जाता है कि इस्लाम में ज़ात-पात, ऊंच-नीच व भेदभाव कदापि नहीं है, मगर इसके बावजूद अलग-अलग मस्जिदें बनाये जाना और किसी जाति विशेष के नाम से उनका नामकरण किया जाना, आज भी इस बात को दर्शाता है कि मुसलमानों में भी ज़ात-पात,ऊंच-नीच,भेदभाव शायद प्राचीन काल से ही रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि जाति-प्रथा भारतीय समाज से इस्लाम में ज्यों कि त्यों प्रवेश कर गई है, अगर ये कहा जाये तो अतिशयोक्ति न होगी कि जो व्यक्ति जिस जाति-वर्ग से कन्वर्ट होकर इस्लाम में दाखिल हुआ वो उसी जाति-वर्ग का होकर रह गया अर्थात उसने धर्म तो बदला, मगर जाति नहीं और उस जाति की अकड़ व विनम्रता आज भी उनमें देखने को मिल जाती है।



अगड़े यानी अशरफ़ (सामान्य) कहलाए और पिछड़े यानी पसमांदा कहलाए अर्थात जो जैसा था वो वैसा ही रह गया।

ज़ात-पात अगर नहीं है तो सिर्फ मस्जिदों में नहीं है। वहां अमीर-ग़रीब, छोटा-बड़ा सब एक ही लाइन व सफ़ में खड़े होकर आज भी नमाज़ पढ़ते हैं। कोई लाइन व कोई जगह किसी व्यक्ति विशेष के लिए रिज़र्व नहीं होती। पहले आओ,पहले पाओ, वाला फार्मूला यहां आज भी मस्जिदों में प्रचलित है जो कि समाज के लिए एक अच्छा संदेश है, लेकिन याद रहे ये सिर्फ मस्जिदों तक ही सीमित है बाक़ी सब वैसा का वैसा ही है।

**ये ही हाल कब्रिस्तानों का भी है। ज़रा गौर फरमालें-**

आज कब्रिस्तान के मुख्य द्वार पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है कि ये कब्रिस्तान फलाह बिरादरी का है और ये फलाह बिरादरी का है। इससे साफ़ ज़ाहिर हो जाता है कि इस्लाम में आज भी कितना बड़ा बिरादरी वाद है।

मस्जिदों पर बात हुई, कब्रिस्तानों पर बात हो गई,अब बात कर लेते हैं ब्याह-शादियों पर। मस्जिदों में हम एक सफ़ में नमाज़ भले ही पढ़ लें और एक जैसे होने का ढोंग कर लें मगर आज भी ब्याह-शादियां अगड़ों की अगड़ों में और पिछड़ों की पिछड़ों में ही होती हैं, ये बात और है कि की इश्क पर किसी का ज़ोर नहीं.......

**चलो ग़ालिब चचा का ये शेर पूरा ही तहरीर किए देता हूं..**


**इश्क़ पर ज़ोर नहीं है ये वो आतिश 'ग़ालिब',**
**कि लगाए न लगे और बुझाए न बने।**

इस शेर को हम अपवाद के रूप में भी ले सकते हैं, मगर अपवाद भी ऐसा कि आज भी गैर-बिरादरी में शादी होने पर लाठियां खींच जाती हैं। विपरीत बिरादियों में शादी या इश्क करने पर उक्त शेर में ग़ालिब चचा ने इश्क को आग के सामान बताया है और ऐसी आग बताया है कि जो लगाने से लगती नहीं और अगर लग जाए तो बुझती नहीं।

इश्क की तो बात ही निराली है जनाब। ये ज़ात-पात ही नहीं बल्कि धर्म की सीमाओं को भी लांघ जाता है। ये मात-पिता ही नहीं बल्कि दोनों पक्षों व समूहों को ही लाचार कर देता है ।

मगर ये एक अलग मुद्दा है। इस मुद्दे पर फिर कभी बात होगी। आज असल मुद्दे पर आते हैं, जहां से शुरू हुए थे।

अब सवाल ये उठता है क्या हम सिर्फ़ मस्जिदों में ही एकता दिखाएंगे... ? अगर इसका जवाब हां में है तो बहुत अफसोस की बात है महमूद ओ अयाज़ और एक सफ़ वाला शेर यहां बेमानी प्रतीत होता है। ये एक दिखावा मात्र कहा जाएगा। जब एक सफ़ में खड़े होकर हम नमाज़ पढ़ सकते हैं। एक कलमें के शरीक हो सकते हैं तो आज तक हम एक क्यों नहीं हैं। क्यों हमारी मस्जिदें अलग-अलग हैं... ? क्यों हमारे कब्रिस्तान अलग-अलग हैं... ? क्यों हम अपने बच्चों की शादियां गैर बिरादरी अर्थात दूसरी बरादरी में नहीं कर सकते... ? बात कड़वी है मगर सच और ग़ौर करने लायक़ है। अंत में अपनी बात अपनी ही चार पंक्तियों के साथ तमाम करता हूं



**करते हैं सब शान की बातें, कौन करे ईमान की बातें।।**
**कहता कुछ है, करता कुछ है, देखो तो इंसान की बातें।।**

**-डा.अतीक 'दानिश'**
(स्वतंत्र लेखक एवं सहित्यकार)
नोट- ये लेखक के अपने विचार हैं
मो. 7906141418

# विकास के साथ आस्था का संतुलन आवश्यक






गंगा एक्सप्रेस-वे का बिजनौर जनपद से होकर निकलना नि:संदेह अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह जनपद के लिए विकास के नये द्वार खोलने वाला कदम है, जिसके लिए विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा आम जनता के निरंतर प्रयासों और आवाज़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि के लिए सभी बधाई के पात्र हैं। किन्तु विकास की इस धारा के साथ हम अपनी आस्था और सांस्कृतिक धरोहर के प्रश्न को भी न तो भूल सकते हैं और न ही उससे विमुख हो सकते हैं। विशेष रूप से तब, जब माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं यह घोषणा की गई थी कि गंगा एक्सप्रेस-वे गंगा के किनारे-किनारे विकसित होगा तथा बिजनौर जनपद के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों- विशेषकर विदुरकुटी को इससे जोड़ा जाएगा। विधानसभा में दिए गए उनके संबोधन में भी विदुरकुटी का स्पष्ट उल्लेख इस तथ्य को और अधिक पुष्ट करता है। माननीय मुख्यमंत्री जी का विदुरकुटी के प्रति विशेष लगाव भी सर्वविदित है, क्योंकि वे स्वयं दो बार इस पावन स्थल पर आ चुके हैं। विदुरकुटी केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह वह पावन स्थल है जिसे महात्मा विदुर की तपोस्थली के रूप में जाना जाता है- ऐसे विदुर, जिनकी नीतियां आज भी विश्वभर में आदर्श मानी जाती हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि विदुरकुटी विश्व का संभवत: एकमात्र ऐसा स्थल है, जहां महात्मा विदुर का मंदिर स्थित है। ऐसे में इस स्थल का किसी राष्ट्रीय स्तर की परियोजना से जुड़ना केवल विकास का विषय नहीं, बल्कि गौरव और पहचान का विषय भी है।

यदि गंगा एक्सप्रेस-वे का मार्ग विदुरकुटी से होकर या उसके समीप से सुनिश्चित किया जाता है, तो इसका सीधा लाभ इस क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और जनपद की पहचान को मिलेगा। एक्सप्रेस-वे से जुड़ाव का अर्थ केवल बेहतर आवागमन नहीं, बल्कि विदुरकुटी जैसे महत्वपूर्ण स्थल का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार भी है। इस विषय में कुछ किसानों की तथ्यात्मक मांग जिसमें वह वर्तमान सर्वे में उपजाऊ कृषि भूमियों को अधिग्रहित होने को लेकर चिंतित हैं। बहुत ही महत्वपूर्ण है जिसका एक मात्र विकल्प विदुरकुटी होते हुए गंगा खादर क्षेत्र से ही इस एक्सप्रेस-वे को निकाला जाना ही प्रतीत होता है।

अत: यह आवश्यक है कि विकास की इस महत्वपूर्ण परियोजना में विदुरकुटी को उसका यथोचित स्थान मिले। यह केवल एक मांग नहीं, बल्कि जनपद की सामूहिक भावना, आस्था और विरासत के सम्मान का विषय है।

**विकास और आस्था :** दोनों का संतुलन ही किसी क्षेत्र की वास्तविक प्रगति का आधार होता है। आशा है कि संबंधित विभाग एवं नीति-निर्माता इस भावना को समझते हुए गंगा एक्सप्रेस-वे की रूपरेखा में विदुरकुटी को समुचित महत्व प्रदान करेंगे।



**-विकास कुमार अग्रवाल**
डिवीजनल चेयरमैन
इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए)

# बिजनौर में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई नीट परीक्षा

## 12 केंद्रों पर दोपहर 2 से 5 बजे तक चली परीक्षा, नकल रोकने के लिए सख्त इंतजाम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिले के कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई, जो एक ही पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली।

परीक्षा को नकलविहीन और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद नजर आई।

परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश से पहले सघन तलाशी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए सख्ती बरती गई और परीक्षा के दौरान पूरी निगरानी रखी गई।

परीक्षा के सफल आयोजन के बाद प्रशासन ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

# मास्टर देवेन्द्र बने भाकियू के जिला संगठन मंत्री



मास्टर देवेन्द्र सिंह को मनोययन पत्र सौंपते सुनील प्रधान।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने संगठन का विस्तार करते हुए क्षेत्र के गांव पीपला जागीर निवासी मास्टर देवेन्द्र सिंह को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया है। देवेन्द्र सिंह के संगठन मंत्री बनने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मास्टर देवेन्द्र सिंह वर्तमान में संगठन में जिला सचिव के पद पर आसीन थे। अपने मनोययन पर देवेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 6 मई को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा प्रत्येक माह लगाए जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रृंखला में इस बार उक्त नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन 6 मई बुधवार को अग्रवाल भवन, प्रथम तल भारतीय स्टेट बैंक, नूरपुर रोड, बिजनौर पर लगाया जा रहा है। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश उत्तरांचल की कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया जा रहा है। मरीजों से निवेदन है कि जिन मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है, वह अपना आधार कार्ड साथ में अवश्य लाएं। नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा तथा पूर्णतया नि:शुल्क होगा। यह जानकारी वीरेंद्र कुमार अग्रवाल (सर्राफ) व विकास अग्रवाल (सर्राफ)द्वारा दी गई है।

# राशिद हुसैन के इंतकाल से अफजलगढ़ में शोक व्याप्त



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** यूपी स्टेट एग्रो के रिटायर कर्मचारी राशिद हुसैन सलमानी के इंतेकाल पर नगर व क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में हर वर्ग के लोगों ने उनके घर पहुंचकर शौक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। स्थानीय मौहल्ला मियाजी मौखा निवासी 68 वर्षीय राशिद हुसैन यूपी स्टेट एग्रो में मिस्त्री के पद पर कार्यरत थे। वह बेहद मिलनसार व्यक्ति थे। उनके नमाजे जनाजे के बाद उनके आबाई कब्रिस्तान में हजारों नम आंखो के बीच उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक वरिष्ठ सपा नेता शेख सुलेमान, पालिका अध्यक्ष पति जावेद विकार, पूर्व पालिकाध्यक्ष पति शेख इरशाद हुसैन, महेन्द्र सिंह यादव, वफा सोशल ट्रस्ट के चेयरमैन इमरान वफा, प्रमुख समाचार विक्रेता हाजी अख्तर सिद्दीकी, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष सत्यप्रकाश पवार, पालिका सभासद मा. जयपाल सिंह, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष विपिन कर्णवाल, युवा नेता व समाजसेवी शेख मौ. जैद, मां रमाबाई अम्बेडकर सोशल ट्रस्ट के फाउंडर सीताराम पिपलया एडवोकेट, डा. मौ. मोहसिन, प्रमुख शायर शमीम अहमद गुल, इलाही बक्श पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मुफ्ती इरफान कासमी, अब्दुल समी सैफी, मुंशी खान, तय्यब खान सुरी आदि शामिल रहें। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

# पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को फेसबुक पर जुबैर पुत्र शाहिद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ में त्रिशूल लिया हुआ फोटो पर अभद्र टिप्पणी के साथ अपलोड किया था। पुलिस हरकत में आयी और जुबैर पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि जुबैर को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# वरिष्ठ पत्रकार महेश शर्मा की पत्नी का निधन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** धामपुर के वरिष्ठ पत्रकार महेश शर्मा की धर्मपत्नी अर्चना शर्मा का देहरादून स्थित महंत इंद्रेश हॉस्पिटल में चेकअप के दौरान हृदय गति रूक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। इस दुखद घटना से परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन का समाचार सुनकर क्षेत्र के पत्रकारों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों का महेश शर्मा के आवास पर तांता लग गया। सभी ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। अर्चना शर्मा अत्यंत सरल, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। 'चिंगारी' परिवार की ओर से हार्दिक संवेदनाएं।

# झालू में कूड़े के अंबार, लोगों में आक्रोश



**झालू ( चिंगारी )।** मोहल्ला पीरज़ादगांन फाड़ियापुर रोड पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। फाड़ियापुर रोड पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि सफाई कर्मचारी नियमित रूप से कूड़ा उठाने के बजाय कब्रिस्तान के सामने ही कूड़ा इकट्ठा करके छोड़ देते हैं। कई बार उसे नाले में फेंक कर चले जाते हैं। स्थिति यह है कि नाला भी कूड़े से पूरी तरह अटा पड़ा है, जिससे पानी की निकासी बाधित हो गई है। गंदगी और रुके हुए पानी के कारण आसपास के इलाके में तेज दुर्गंध फैल रही है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने पर भी हल नहीं निकला। उनका कहना है कि खुले में पड़े कूड़े से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ सकता है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। मोहल्लेवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। झालू के अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने का आश्वासन दिया है और आगे से यहां गन्दगी नहीं होने दी जायेगी।

# गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने मनाया विश्व हास्य दिवस



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब, बिजनौर ने इंदिरा पार्क बिजनौर में विश्व हास्य दिवस मनाया। इस अवसर पर ग्रुप के सभी सदस्य ठहाके लगाकर खूब हंसे। कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने बताया कि विश्व हास्य दिवस का आयोजन प्रथम बार वर्ष 1998 में 10 मई को भारत के मुंबई में किया गया था। इसका प्रारंभ डॉक्टर मदन कटारिया ने किया था, तब से यह प्रतिवर्ष मई माह के प्रथम रविवार को संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवन जी रहे लोगों के लिए हंसना बहुत ही जरूरी है। हंसी चाहे वास्तविक हो या काल्पनिक हो, उसका शरीर को लाभ बराबर मिलता है, इसलिए प्रतिदिन सभी को बिना कारण भी कुछ देर हंसना अवश्य चाहिए। इस अवसर पर राकेश शर्मा, डॉक्टर प्रमोद कुमार, अरविन्द कुमार शर्मा, अशोक यादव, एडवोकेट राजीव चौहान, दिनेश चौहान, सोरन सिंह परिहार, कमल वीर सिंह, अशोक कुमार अग्रवाल, आशाराम सिंह, राकेश रस्तोगी, शिव सिंह रावत पूर्व फौजी केपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 9 मई से आंदोलन

## भाकियू की चेतावनी



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक पंचायत बरुकी बस स्टैण्ड पर विभिन्न समस्याओं को लेकर हुई। पंचायत में एनएचएआई के एसडीओ आशीष शर्मा को बुलाकर बरुकी फ्लाई ओवर के दोनों ओर सर्विस रोड पर पुलिया निर्माण की मांग की। इंडेन गैस सिलेंडर की समस्या दूर करने के लिए गैस एजेंसी स्वामी द्वारा ग्रामीण गैस उपभोक्ताओं को परेशान न करने की चेतावनी देते हुए आरोप लगाया कि जहां शहर में 25 दिन में गैस सिलेंडर मिल रहा है, वहीं गांव में 45 दिन में सिलेंडर दिया जा रहा है। गांव में भी शहर के हिसाब से 25 दिन में सिलेंडर दिया जाये। स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं द्वारा क्षेत्रीय किसानों का शोषण न किया जाए। बैठक में क्षेत्र के किसानों ने झालू से नजीबाबाद के सरवनपुर तक नहर की पटरी को पक्का मार्ग निर्माण कराने तथा ग्राम में नवनिर्मित पानी की टंकी को शीघ्र चालू कराने की भी मांग की गई। पंचायत का संचालन क्षेत्र संगठन अध्यक्ष बृजेश ने व अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनखड़ ने की। पंचायत में मंडल उपाध्यक्ष जय सिंह, तिलकराम खौबे, बृजेश काकरान, चमन सिंह, हेमराज सिंह, देवराज सिंह, रवि सिंह, घनश्याम सिंह, मुनेंद्र सिंह, नरपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, डॉक्टर वीर सिंह, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

# जांच करने मौके पर पहुंचे अधिकारी बिजनौर शुगर मिल को नोटिस जारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को हुए दर्दनाक हादसे में गर्म राख के संपर्क में आने से चार मासूम बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए थे। अभी चारों की हालात नाजुक है। उनका मेरठ में उपचार चल रहा है। घटना के बाद प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी थी। शनिवार को अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। जांच टीम में उप जिलाधिकारी (सदर) श्रीमती रीतु रानी, अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार, सहायक निदेशक (कारागार) सुरेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, मनीष कुमार, तहसीलदार आशीष सक्सेना, आपदा विशेषज्ञ प्रशांत कुमार, राजस्व कानूनगो नरेश कुमार एवं लेखपाल पीतम कुमार शामिल रहे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किये गये। प्रारंभिक जांच में लापरवाही के संकेत मिले। आम के बाग के सामने जहां राख पड़ी पाई गई, वह जमीन बाग मालिक आरिफ की है। आरिफ व शुगर मिल बिजनौर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि ऐसे खतरनाक पदार्थों को खुले में न छोड़ें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# एकतरफा प्यार : कशिश का हत्यारोपी राहुल गिरफ्तार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस ने 10 दिन पहले एक तरफा प्यार में कशिश की हत्या करने के आरोपी प्रेमी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 21 अप्रैल 26 को काशीराम कॉलोनी रामलीला निवासी कशिश की उसके घर पर उसके प्रेमी राहुल ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। मृतका कशिश की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

घटना के बाद आरोपी ने खुद को भी चाकू मारकर घायल कर लिया था। बाद में उसने चाकू को घर के पीछे कचरे में फेंक दिया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चाकू बरामद कर लिया है।

शहर कोतवाली थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी और मृतका के बीच पहले से परिचय और नजदीकी थी। इस संबंध को लेकर पहले भी विवाद हुआ था, जिसमें आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था और वह जेल भी जा चुका था। जेल से छूटने के बाद दोनों के बीच फिर से संपर्क हो गया था।

### कहासुनी के बाद आवेश में किया था हमला

**घटना वाले दिन आरोपी युवती से मिलने उसके घर गया था। वहां किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद उसने आवेश में आकर चाकू से हमला कर दिया। हमले में कशिश की मौके पर ही मौत हो गई।**

# खेत से बाइक चोरी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** खेत पर गये किसान पुत्र की बाइक दिनदहाड़े चोरी हो गयी। नांगल थानांतर्गत ग्राम चंदोक निवासी किसान पुत्र मुकुल कुमार पुत्र देवेन्द्र सिंह शनिवार को अपराहन लगभग एक बजे अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 14 बीएम-5635 से अपने खेत पर गया था। मुकुल ने बताया कि गांव और रेलवे फाटक के मध्य स्थित उसके खेत की सिंचाई की जा रही थी। वह मोटरसाइकिल को खेत के एक किनारे पर (मेन रोड के भी किनारे) खड़ी करके दूसरे किनारे पर नाली में चल रहे पानी का रास्ता बदलने गया था। सिंचाई की व्यवस्था देखने में उसे लगभग आधा घंटा लग गया। आधे घंटे बाद वह वापस लौटा, तो मोटरसाइकिल गायब थी। उसने आसपास तलाश की, मगर मोटरसाइकिल कहीं नहीं मिली।

# प्रदेश सचिव राशिद राईन का जोरदार स्वागत




**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं युवा नेता राशिद राईन का शनिवार को जिला पार्टी कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष हनी फैसल, पूर्व मंत्री व नगीना विधायक मनोज पारस, पूर्व जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन और शमशाद अंसारी समेत अन्य नेताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान राशिद राईन ने नुमाइश ग्राउंड चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राशिद राईन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि राशिद राईन जैसे ऊर्जावान युवा नेता को प्रदेश सचिव बनाए जाने से जिले को नई ताकत मिली है। इस मौके पर शारिक सुल्तान, मोहम्मद शनावर सिद्दीकी, दिलशाद अंसारी, खालिद सिद्दीकी, पंकज अग्रवाल, जयप्रकाश चंदेल, माजिद हुसैन, वसीक कुरैशी, सभासद आदिल एडवोकेट, अंजार राईन, असलम मॉनसून, याकूब मुनस, शकील अहमद, शारिक राणा, रफीक राईन, फरहान राईन, दानिश होटल, अबरार अहमद, फहीम अहमद, शादाब राईन, वसीक चौधरी, शारिक सभासद, फहाद काजी, शैफी, मिन्नी सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

# श्रम दिवस पर मिलकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कराई

**धामपुर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर शुगर मिल में एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा की प्रेरणा से श्रमिकों, कर्मचारियों एवं उनके पारिवारिक जनों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिविर लगाया गया।

शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर के सहयोग से किया गया। शिविर में श्रमिकों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां बांटी गईं, ब्लड शुगर चैक किया गया, आंखों की जांच करके लगभग 105 लोगों को नि:शुल्क चश्मा दिया गया, शुगर, एच.आई.वी. हीमोग्लोबिन, टी.बी. आदि की जांच की गई और विशेष चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। इससे पूर्व कैंप का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, डॉ. मिलिंद अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 135 श्रमिकों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. सुशील कुमार, डॉ. प्रीति बिश्नोई, फार्मासिस्ट विजेंद्र कुमार, अशोक कुमार, विनीत कुमार द्वारा आंखों की जांच की गई। निधि कुमारी, कंचन सैनी, स्टाफ नर्स एवं डॉक्टर विकास डाबर द्वारा टी.बी. रोग से संबंधित जांच, चिकित्सीय सुविधा एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के सफल संचालन में बृजेश कुमार एवं सुदेश कुमार गहलोत का विशेष योगदान रहा। मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि श्रमिकों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वस्थ श्रमिक ही राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। स्वास्थ्य शिविर के संचालन में विशेष योगदान श्री कमल सिंह पंवार, विजय कुमार, राजेंद्र सिंह, कविता रानी, यूनियन की ओर से धर्मेंद्र सिंह, शिखर चंद, वीरेंद्र यादव, उत्तम सिंह, जोगिंदर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रीतम, नरदेव सिंह, वीरेंद्र सुपरवाइजर आदि का रहा।



# प्रेमी की शादी की भनक लगते ही

## मुंबई से आ धमकी प्रेमिका

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक प्रेम दीवानी को जैसे ही अपने प्रेमी की शादी की भनक लगी तो वह मुंबई से यहां आ धमकी। पुलिस को अपने साथ लाई और बड़ी दबंगई के साथ प्रेमी को अपने साथ ले गई। जैसे ही यह सूचना प्रेमी की होने वाली ससुराल पहुंची तो दोनों पक्षों के बीच वार्ता के बाद तयशुदा वक्त पर प्रेमी के छोटे भाई की बारात ले जाना तय हुआ। मामला पास के ग्राम सीरवासुचंद का है, जहां एक युवक काम के सिलसिले में मुंबई रहता है। वहां उसका एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच युवक की उसके परिजनों ने शादी तय कर दी। तीन दिन पूर्व ही वह मुंबई से घर आया था और 4 मई को बारात जानी थी। प्रेमी युवक की मुंबई वाली प्रेमिका को उसकी शादी होने की सूचना मिली तो वह गत दिवस पुलिस लेकर सीरवासुचंद उसके घर आ धमकी। उसने अपने प्रेमी युवक से दोटूक कहा कि मेरे साथ चुपचाप चल रहा है या तेरे

### पुलिस को साथ लाई, प्रेमी को अपने साथ ले गई

घरवालों सहित हवालात भिजवाऊं। मामला टेढ़ा पड़ता देख परिजन खामोश हो गए और प्रेमी युवक चुपचाप प्रेमिका के आगे-आगे चल पड़ा। बताया जा रहा है कि महिला उसे अपने साथ मुंबई ले गई है। चर्चा है कि महिला के पास एक बच्चा है और वह इसके दूसरे बच्चे की भी मां बनने वाली है। जब फिल्मी अंदाज के इस ड्रामे की बात प्रेमी युवक की होने वाली ससुराल चौड़वाला पहुंची, जहां 4 मई को बारात जानी थी, तो वे भड़क उठे। प्रेमी युवक के परिजन व उसके होने वाली ससुराल पक्ष के लोगों के बीच देर तक हुई वार्ता के बाद तय हुआ कि बारात तो तयशुदा वक्त पर 4 मई को ही जाएगी, लेकिन दूल्हा उसका छोटा भाई होगा। मामला गांव व क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों का यह भी कहना है कि इस प्रेमी युवक ने ही अपनी प्रेमिका को अपनी शादी की सूचना दी थी ताकि वह आए और इस होने जा रही शादी से बचाकर उसे मुम्बई अपने साथ ले जाए।

# ज़ैद ने कानपुर में स्टेट चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



एस.एम.ज़ैद को मेडल पहनाकर सम्मानित करते यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के सीनियर सेक्रेट्री डॉ. रजत आदित्य दीक्षित।

### नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कानपुर में 1 मई से चल रही उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कासमपुर गढ़ी निवासी वरिष्ठ पत्रकार एसएम असलम के पुत्र, लाम्बा कॉन्वेंट स्कूल पेबंदखेड़ी (कादराबाद) के कक्षा 7 के छात्र एवं सेल्यूट ताइक्वांडो एकेडमी अफजलगढ़ के सब जूनियर कैटेगरी के खिलाड़ी एसएम ज़ैद ने गोल्ड मेडल जीतकर जिला बिजनौर का नाम रोशन किया है। स्टेट लेवल पर स्वर्ण पदक जीतने पर एसएम ज़ैद का सिक्किम में प्रस्तावित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए चयन हो गया है। कानपुर स्टेडियम में मौजूद इंडिया ताइक्वांडो के ट्रेजरार एवं यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के सीनियर सेक्रेट्री डॉ. रजत आदित्य दीक्षित ने ज़ैद को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। ज़ैद की इस कामयाबी की सूचना मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई और खेल प्रेमियों एवं उसके शुभचिंतकों ने उसकी इस कामयाबी पर हर्ष व्यक्त कर उसे फोन पर बधाई दी। ज़ैद के शानदार प्रदर्शन पर उसके कोच मौ. आरिफ व अफजलगढ़ निवासी सीनियर कोच लव अग्रवाल ने भी उसको शुभकामनाएं दीं। विदित हो कि गत वर्ष राज्य स्तरीय यह चैंपियनशिप लखनऊ में आयोजित हुई थी, जहां ज़ैद ने सिल्वर मेडल हासिल किया था, जिसके बाद उसने उड़ीसा में नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया था, जहां वह फाइनल क्रैक नहीं कर पाया था।

# मानियावाला के पूर्व प्रधान अहमद हसन कुरैशी का निधन



फाइल फोटो

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत फजलाबाद परमानंदपुर उर्फ मानियावाला के पूर्व प्रधान अहमद हसन कुरैशी का बीती देर रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। अहमद हसन कुरैशी के अचानक हुए इंतकाल से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। अहमद हसन कुरैशी दो बार गांव के प्रधान बने, जबकि उन्होंने अपनी पत्नी जुबेदा खातून को एक बार गांव की प्रधान बनाने में कामयाबी हासिल की। अहमद हसन कुरैशी की दो पत्नियों से 13 बच्चे हैं, जिनमें पांच बेटों व दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि 4 बेटे और 2 बेटियां अविवाहित हैं। उनके पुत्र इसरार अहमद ने बताया कि रात 11 बजे वह ठीक-ठाक सोए थे कि देर रात्रि तकरीबन 3 बजे अचानक तबीयत खराब हुई और उनका इंतकाल हो गया। इसरार ने बताया कि आज बाद नमाज असर नमाज-ए-जनाजा के बाद उन्हें मानियावाला के आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

# गढ़ी अड्डे पर कूड़े-कचरे से अटी पुलिया, नाले से उबल रहा गंदा पानी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत फजलाबाद परमानंदपुर उर्फ मानियावाला के अंतर्गत आने वाले गढ़ी बस स्टैंड पर कूड़े-कचरे से अटी पुलिया व नाले में पानी की निकासी न हो पाने के कारण गंदा पानी फिर सड़क पर फैल गया है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिया व नाले की सफाई न कराए जाने से लोगों में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से इस समस्या के समाधान को लेकर अनेक बार की गई शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हो रहा है। इस संबंध में ग्राम प्रधानपति तसव्वर कुरैशी का कहना है कि कुछ दिन पूर्व सफाई कराई गई थी, मगर नहर का पानी आ जाने से नाले से पानी उबल जाता है। उन्होंने कहा कि यहां बनी पीडब्ल्यूडी की पुलिया अट जाने से ज्यादा दिक्कत है, फिर भी जल्दी सफाई कराई जाएगी।



रोड पर फैला कूड़ा व गंदा पानी।

# जयमाला स्टेज के पास से फोटोग्राफर्स के कैमरे चोरी

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक फार्म हाउस में शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जयमाला स्टेज के पास से दो फोटो ग्राफरों के कीमती कैमरे चोरी हो गए। पीड़ितों ने जब फार्म हाउस मालिक से सीसीटीवी फुटेज की जानकारी मांगी, तो पता चला कि वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम और कैमरों की कमी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि को एक फार्म हाउस में शादी की खुशियों का माहौल था। फोटो ग्राफर्स की टीम अपना काम कर रही थी। इसी बीच जब वे जयमाला स्टेज के पास व्यस्त थे, तभी अज्ञात चोरों ने मौका पाकर वहां रखे दो प्रोफेशनल कैमरे चोरी कर लिए। पीड़ित फोटो ग्राफरों के अनुसार चोरी हुए कैमरों की कीमत 50,000 रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक बताई जा रही है। शादी के व्यस्त माहौल का फायदा उठाकर चोरों ने बड़ी ही सफाई से इस घटना को अंजाम दिया। जब चोरी का पता चला, तो फोटोग्राफरों ने तुरंत फार्म हाउस के मालिक से संपर्क किया, ताकि सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान की जा सके। लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि फार्म हाउस में कैमरों की उचित व्यवस्था ही नहीं थी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया की प्रार्थना-पत्र प्राप्त हो चुका है।

# खाद बिक्री केन्द्र में हजारों की चोरी



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** शुक्रवार की रात चोरों ने एक खाद बीज की दुकान को निशाना बना डाला और वहां रखी महंगी दवाइयां चुराकर ले गये। चोरी का पता तब चला जब सुबह सवेरे दुकानदार ने दुकान खोली। घटना से दुकानदारों में भय का माहौल है। थाना क्षेत्र के भवानीपुर गंगरेन निवासी आयुष छाछरी मोड़ पर आईएफएफडीसी कृषक सेवा केन्द्र के नाम से खाद व बीज की दुकान है। रात्रि के समय चोर छत के रास्ते अंदर घुसे और गोदाम का ताला तोड़कर पेस्टिसाइड और अन्य कीमती सामान चुराकर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में छात्राओं ने जौहर दिखाये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए इंटर हाउस बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। प्रतियोगिता को दो वर्गों-कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 में आयोजित किया गया। कक्षा 6 से 8 वर्ग में सफायर हाउस से भव्या अग्रवाल, भार्गवी तोमर, परी सिंह, कार्नेलियन हाउस से अंशिका ढाका, तनिष्का चौधरी, ग्रेसी तोमर, सिट्रिन हाउस से सौम्या चौधरी, मीरा सिंह, चार्ली सिंह तथा एमेरल्ड हाउस से जागृति प्रताप सिंह, याफी हयात और उर्वशी राजपूत ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ग में सफायर हाउस ने प्रथम, कार्नेलियन हाउस ने द्वितीय तथा सिट्रिन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 वर्ग में सफायर हाउस से अग्रयता चौधरी, अनहा हाशमी, प्रज्ञा चौधरी, कार्नेलियन हाउस से इफ़रा शाद और आरुषि,एमेरल्ड हाउस से यूसरा परवीन, रूहानी मलिक, सिमर कौर, रिया पाल तथा सिट्रिन हाउस से सुहानी, सायमा परवीन, बरीना फातिमा और परिधि अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाग लिया। इस वर्ग में सफायर हाउस ने प्रथम, कार्नेलियन हाउस ने द्वितीय तथा एमेरल्ड हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल व प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# पुलिस के रवैये के खिलाफ भाकियू का नांगल थाने में धरना-प्रदर्शन शुरू

**नांगल सोती ( चिंगारी )। मामूली बात पर मिनी बस चालक द्वारा बोलेरो चालक पर लोहे की रॉड से हमला करने के प्रकरण में पुलिस पर गलत रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए भाकियू ( टिकैत ) ने थाने में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है।**

शुक्रवार को विशाल तोमर पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खाईखेड़ी (नजीबाबाद) पास के गांव श्रवणपुर निवासी अपने दोस्तों की बहिन के घर (ग्राम दौलतपुर, चंदक में) बोलेरो से भेली देने जा रहा था। स्थानीय बस स्टैंड से कुछ दूरी पर ग्राम जीतपुर के सामने सड़क पर निराश्रित गौवंश आ जाने पर आगे चल रही ट्रैवलर मिनी बस के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिये, जिससे पीछे चल रही बोलेरो, ट्रैवलर से टच हो गई थी। मामूली सी बात पर अज्ञात ट्रैवलर चालक ने लोहे की रॉड निकालकर विशाल पर हमला कर दिया था, जिससे वह लहूलुहान हो गया था। हमला करके ट्रैवलर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस मिनी बस को खिंचवाकर थाने ले गई थी तथा घायल को मेडिकल जांच के लिये समीपुर (नजीबाबाद) भेज दिया गया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि घायल युवक उनके छोटे भाई नीरज कुमार के साले का पुत्र है। पुलिस ने कल अपराह्न ढ़ाई बजे मिनी बस चालक से बात कराने के लिये उन्हें थाने बुलवाया था। वे शाम साढ़े छह: बजे तक थाने में बैठे रहे, मगर आरोपी मिनी बस चालक थाने नहीं पहुंचा। भाकियू नेता का आरोप है कि इस दौरान पुलिस का रवैया आपत्तिजनक था। पुलिस पीड़ित के बजाये आरोपी के लिये काम करती नजर आ रही थी। इसके विरोध में बीती देर शाम भाकियू ने थाने पर धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया था। पूर्व घोषणा के अनुसार आज पूर्वाह्न साढ़े दस बजे भाकियू कार्यकर्ता थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष के बैठने वाले टिनशेड में दरी बिछाकर धरने पर बैठ गये। दिनेश कुमार का कहना है कि जनपद के किसी भी थाने में पीड़ित की सही ढंग से सुनवाई नहीं हो रही। पीड़ित को न्याय मिलने तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। जिला महासचिव नरदेव सिंह, तहसील अध्यक्ष जयप्रकाश राजपूत, देवदत्त शर्मा, हुकम सिंह, वीरेश राणा, धर्मेन्द्र सिंह, नीटू सिंह, तुषार कुमार, सूरज सिंह, सुनील कुमार, संजीव कुमार, कुंवरदेव, राहुल कुमार, सोनू सहित काफी कार्यकर्ता/किसान मौजूद हैं।


नांगल थाने के अंदर धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता।

### आनन-फानन में दर्ज किया मुकदमा

**भाकियू द्वारा बीती शाम थाने पर धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की गई, तो पुलिस ने विशाल तोमर की तहरीर पर ट्रैवलर मिनी बस संख्या यूके 08 पीए-4207 के अज्ञात चालक के विरुद्ध आनन-फानन में मुकदमा दर्ज कर लिया। बीएनएस की धाराओं 118 ( 1 ) तथा 352 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर का कहना है कि आरोपी फरार है। पुलिस द्वारा आरोपी का पक्ष लिये जाने के आरोप को उन्होंने गलत बताया है।**

## डा. एसपी गर्ग की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वर्गीय डॉ. एस पी गर्ग की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रक्त वीरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में गर्ग परिवार के प्रवीण गर्ग एवं नवीन गर्ग, अनन्त गर्ग, मैत्री गर्ग का अहम योगदान रहा। 2 मई 2021 को डॉ. एसपी गर्ग का निधन हो गया था। तब से उनका परिवार श्रद्धांजलि के रूप में रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा हैं। नगर के नजीबाबाद मार्ग स्थित बिजनौर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, विशिष्ठ अतिथि एसडीओ वन विभाग अंशुमान मित्तल, किसान नेता चौ. दिगंबर सिंह, व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

## छात्र-छात्राओं ने बिना आग की सहायता से स्वादिष्ट व्यंजन बनाये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आधारशिला द स्कूल में फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें चारों हाउस-नीलगिरि, अरावली, विन्ध्याचल, हिमालय ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विंध्याचल हाउस और हिमालय हाउस संयुक्त रूप से विजेता घोषित हुए, अरावली हाउस और नीलगिरि हाउस उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी छात्र-छात्राओं ने बिना आग की सहायता से बनने वाले कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए, जिसे देखकर निर्णायक मंडल भी आश्चर्यचकित रह गए। सभी प्रतिभागियों ने मौसम के अनुकूल ही शुद्धतापूर्ण तरीके से कई व्यंजन बनाए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सक्षम अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, प्रांजल अग्रवाल, पुष्कर भाटिया और ओवैस सिद्दीकी रहे। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के द्वारा बनाए गए व्यंजनों की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में चारों सदनों के हाउस मास्टर एवं मिस्ट्रेस का योगदान रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा, उप- प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल-कोऑर्डिनेटर श्रीमती बबिता त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## भैया-बहनों के दांतों की निःशुल्क जांच की

**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में रोटरी क्लब हल्दौर के तत्वावधान में निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. मुकुल विश्वास ने भैया बहनों के दांतों की निःशुल्क जांच की तथा दातों को सुरक्षित व स्वस्थ रखने के उपाय बताएं, जिसमें रोटरी क्लब हल्दौर के अध्यक्ष रो. नवीन कुमार, रो.धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, रो. हेमचंद्र राणा, रो. अभिषेक कुमार, रो. कुंवर प्रदीप एडवोकेट, रो. अनुज मारवाड़ी, रो. अमित राजपूत, रो. देवेंद्र कुमार रस्तौगी, रो. संदीप रस्तौगी, रो. अनिल चौहान, रो. प्रवीण कुमार रस्तौगी, गोपेश्वरी विश्वास आदि रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने रोटरी क्लब हल्दौर के अध्यक्ष रो. नवीन कुमार व अन्य सभी रोटेरियसं का आभार प्रकट किया।



## जबलपुर के वर्गी डेम हादसे पर किरतपुर एडवोकेट एसोसिएशन ने दुःख जताया

### जलाशयों और बांधों के आसपास सुरक्षा मानकों के सख्ती से पालन पर जोर दिया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर के पूर्व अध्यक्ष अंकित रस्तौगी ने जबलपुर के वर्गी डेम हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना मानवता को झकझोर देने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरते और प्रभावित लोगों तक हर संभव सहायता शीघ्र पहुंचाई जाए। घायलों के बेहतर उपचार की व्यवस्था की जाए और जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। पूर्व अध्यक्ष ने यह भी जोर दिया कि जलाशयों और बांधों के आसपास सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन होना चाहिएं, समय-समय पर निरीक्षण और आवश्यक सुधार कार्य किए जाने चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। अंत में उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिवारों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति दें। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और प्रशासन मिलकर इस संकट से जल्द उबरने में सफल होंगे।


अंकित रस्तौगी

## सत्यवती मेमोरियल एकेडमी में इंटर हाउस प्रतियोगिता आयोजित



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आज नगर किरतपुर के सत्यवती मेमोरियल एकेडमी में 20 सी ताइक्कांडो इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40 बालिका एवं 100 बालकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्रिंसिपल प्रेमराज एवं प्रबंधक एडवोकेट राजीव चौहान ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता का संचालन इंग्लिश की अध्यापिका सुश्री जैनब अख्तर ने किया। बालिका वर्ग में आरना सिंह, लावण्या, मरियम, खुशी, शिवा, दिव्यांशी, अन्या, आयशा, अम्मार, पाखी, सारा, वैष्णवी, दिव्यांशी, ग्राशि, जिनल आदि ने स्वर्ण पदक जीता। उधर बालक वर्ग में मोहम्मद अमान, जीवन, ध्रुव, गर्वित, अर्णव, वेद, अनिक, अभिनव, रचित, श्रेयांश, हार्दिक, कृष्ण, हर्षवर्धन, देव, अभय, धैर्य, गौहर, अल्फाज, श्रीकांत आदि ने गोल्ड मेडल जीता। सभी विजेता बच्चों को स्कूल प्रिंसिपल एवं प्रबंधक ने उज्जवल भविष्य की कामना की। निर्णायक मंडल में ताइक्कांडो एसोसिएशन आफ बिजनौर से सिम्मी चौधरी, रविश तोमर, कपिल कुमार, अनीता, ऋतिक चौधरी का सहयोग रहा। प्रतियोगिता स्कूल के शारीरिक शिक्षक अंकुर चौधरी की देखरेख में संपन्न हुई।



## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 04 मई 2026**

मेष- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चने, स्वजनों से मनमुटाव, नवसमस्याएँ उपस्थित, राजनीतिक पक्ष से उलझने, व्यय की अधिकता, अशांति भी।

वृषभ- मनोवांछित सफलता, योजनाओं की शुरुआत, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, वैमनस्यता का समापन, मंगल आयोजन सम्पन्न, उत्तरदायित्व निभाने से व्यवधान समाप्त।

मिथुन- व्यापार में धन निवेश, कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में रुचि, निजी जिन्दगी में सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सकुशल।

कर्क- विचारित योजना कार्य रूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, सलयोगियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, अध्यात्म के प्रति आस्था, शांति भी।

सिंह- परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, कार्य सिद्धि में विलम्ब, क्रोध की अधिकता, प्रतियोगिता, में असफलता, मानसिक असंतुलन, यात्रा में असुविधा।

कन्या- दिन बेहतर, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, प्रियजनों से प्रगाढ़ता, विवाद के समापन से शांति, विरोधी हानि पहुँचाने में विफल, प्रसन्नता भी।

तुला- योजना साकार होने की ओर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, वरिष्ठजनों की सलाह से आपको कामयाबी हासिल, दर्शनीय की यात्रा का प्रसंग उपस्थित।

वृश्चिक-समय संतोषजनक, मित्रो-परिजनों से विचार-विमर्श, कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में उन्नति का अवसर, मनो-विनोद के अवसर सुलभ, वैवाहिक संबंध में सुधार।

धनु- आर्थिक पक्ष से असंतोष, धनागम में बाधा, किसी से विवाद की आशंका, शत्रु हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयत्नशील, अनावश्यक भ्रमण, मित्रों से गलत फहमी।

मकर- आरोग्य सुख, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, नौकरी में प्रोन्नति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, अध्यावसाय की ओर रुझान, परोपकार की भावना जागृत।

कुम्भ- मनोवांछित सफलता का सुअवसर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, पुराने विवाद का समापन, विरोधी परास्त, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आवागम में अनुकूलता भी।

मीन- आर्थिक-व्यापारिक प्रगति, पूँजी का प्रतिफल, आशानुकूल प्राप्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ हल, मनो-विनोद के सुअवसर, उत्साह में वृद्धि।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,**
**वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन**
**भोजूबीर, वाराणसी-221002,**
**मो. : 09335414722**

# कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने गेंहू क्रय केंद्र पर पहुंचकर जानकारी ली

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व नजीबाबाद प्रभारी सलाउद्दीन सैफी के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी नजीबाबाद ने कृषि उत्पादन मंडी समिति राजकीय गेंहू क्रय केंद्र पहुंचकर वहां केंद्र प्रभारी सूरज सिंह रवि से मुलाकात कर सरकारी गेंहू खरीद की जानकारी ली। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को केंद्र प्रभारी ने बताया कि 17 मार्च से 15 जून 2026 तक गेंहू खरीद चलती रहेगी, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सभी किसान भ बिचोलिए से बचकर अपना गेंहू सीधे सरकार को समर्थन मूल्य 2585 रूपए प्रति क्विंटल के दर से बेचें। केंद्र प्रभारी ने बताया अभी तक वह 2000 क्विंटल से ज्यादा गेंहू खरीद चुके हैं। 15 जून तक गेंहू की खरीद जारी रहेगी।



**गेंहू क्रय केंद्र पर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल।**

# किसानों को खाद व बीज समय से दिलाने को चर्चा की गई

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विशाल भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस विशाल एडवोकेट के आवास पर महत्वपूर्ण विषय को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को सही समय व उचित मूल्य पर खाद व बीज मिलने को लेकर गम्भीरता से चर्चा की गई। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया कि किसी भी सूरत में किसान-मजदूर व आम जनता को हो रही परेशानियों का तत्काल समाधान कराए जाए। मीटिंग में राष्ट्रीय संगठन महासचिव मुस्लिम अहमद, नजाकत एडवोकेट, मोबिन अहमद, गौरव गहलौत, भूपेंद्र सिंह, शमशाद अहमद, रोहितास सैनी, वसीम अहमद, देशराज रवि, रवि प्रकाश, डॉ. आकाश, विक्की, शरीफ अहमद, इंतजार अहमद, धर्मपाल सिंह, शाहिद मकरानी, अखलाक अहमद, मांगे सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बिजनौर जनपद के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराती पुस्तक

**पुस्तक समीक्षा**
**पुस्तक- जनपद बिजनौर (अशोक मधुप के लेखों का संग्रह)**
**प्रकाशक - अमर उजाला**
**लेखक - अशोक मधुप**
**प्रकार विषय- आंकड़ें व तथ्यों पर आधारित ऐतिहासिक व भौगोलिक जानकारी देने वाली महत्वपूर्ण पुस्तक**
**शैली - वर्णनात्मक, तथ्यात्मक**
**लेख - 125**

प्रस्तुत पुस्तक 'जनपद बिजनौर' अशोक मधुप के लेखों का संग्रह है। यह एक रोचक, ज्ञानवर्धक, ऐतिहासिक तथ्यों पर लिखी गई पुस्तक बिजनौर जिले के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराती है। एक ही जगह एक ही पुस्तक में आपको बिजनौर का इतिहास, बिजनौर का भूगोल, सांस्कृतिक धरोहर व ऐतिहासिक विरासत सब कुछ पढ़ने को मिलेगा। मुझे लगता है बिजनौर से जुड़े हर व्यक्ति को बिजनौर के बारे में जानने की उत्सुकता जरूर होगी। बिजनौर जनपद के गौरवशाली इतिहास को पढ़कर आपको गर्व होगा कि हम बिजनौरी हैं।




पुस्तक पढ़कर बिजनौर के विषय में रोचक जानकारी मिली। मुझे लगता है लेखक अपने समय में जरूर घुमक्कड़ रहे होंगे, क्योंकि जितना बारीकी से बिजनौर जिले के गुमनाम गांवों का वर्णन किया है, लेखक ने जिया है उन घटनाओं को, खुद साक्षी बने हैं उन जगहों के।

अशोक मधुप सर अनेक वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े रहे, बिजनौर जिले में अमर उजाला के प्रभारी भी रहे। अन्वेषणता, तथ्यों की प्रमाणिकता उनकी उत्कंठ जिज्ञासा को दिखलाती है। अधिकतर तथ्य लोगों से बातचीत पर आधारित और दंत कथाओं पर आधारित है। जैसा कि अशोक मधुप खुद एक लेख में स्वीकार करते हैं कि बिजनौर जिले पर उत्कृष्ट व विस्तृत अन्वेषण की आवश्यकता है। सरकार और पुरातत्व विभाग की उपेक्षा झेलता अपनी कहानी बिजनौर स्वयं कहता है। लेकिन इसकी धरोहर को संजोने और प्रकाश में लाने के लिए यह पुस्तक एक उत्तम प्रयास है। कहीं-कहीं आंकड़ों की अधिकता बोर करती है, लेकिन आंकड़े जरूरी हैं सही जानकारी के लिए। सभी युवाओं को, शोधार्थियों को और प्रतियोगिता (UPSC / IAS) की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को जरूर पढ़नी चाहिए यह पुस्तक।

मेरा भी गृह जनपद बिजनौर है, इसलिए पुस्तक पढ़ने में जिज्ञासा भी थी अपने जनपद को जानने की और गर्व भी हुआ जानकर मेरा बिजनौर कितने ही राज, और कितनी ही धरोहर छुपाए हुए है, जिसकी जानकारी आधुनिक पीढ़ी को नहीं है। मुझे भी स्वयं नहीं पता था बिजनौर में इतनी सारी जगह हैं घूमने के लिए, इतना बड़ा महत्व है बिजनौर का ऐतिहासिक व भौगोलिक दृष्टि से।

अशोक मधुप जी की लेखन शैली किस्सागोई की है।

पढ़ते हुए लगता है जैसे आपके सामने बैठकर ही कोई किस्सा सुना रहे हो। बिजनौर जिले के बारे में पढ़कर मेरा मन भी है उन सभी जगह घूमने का, लगता है मुझे पर्यटक बनना पड़ेगा। भाषा सरल है, पुस्तक पढ़कर हर बिजनौरवासी स्वयं को उससे जुड़ा पाएगा।

अनायास ही मुंह से निकलेगा अरे मेरा बिजनौर ऐसा भी है, इतना महान इतिहास है। मैंने भी अपनी जिंदगी के 27 साल बिजनौर में गुजारे, लेकिन यही सोचती थी कि बिजनौर में घूमने के लिए कोई जगह नहीं है। पर अशोक मधुप जी की किताब पढ़कर लगा कि अभी तो बिजनौर को जाना ही नहीं है। संक्षेप में यही

कहना चाहूंगी सभी बिजनौरवासियों को तो यह पुस्तक जरूर पढ़नी चाहिए, साथ ही जो विद्यार्थी देश के इतिहास में रुचि रखते हैं उन्हें भी पढ़ना चाहिए कि मेरा बिजनौर कितना बड़ा इतिहास रखता है।

**ऐ मेरे शहर बिजनौर तेरे बारे में दुनिया कुछ भी कहे, पर मेरे लिए तू खास है, तेरी गलियों में मेरा बचपन बीता वो सुनहरे दिन, वो स्कूल की यादें जिन नये परिवर्तन को दोनों ने एक साथ देखा।**

समीक्षक - **डॉ. वंदना शर्मा**
**पांडव नगर, नई दिल्ली**

# सनातन धर्म विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध परंपरा है : भारत सिंह नेगी

## देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति का स्थापना दिवस आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति की ओर से पदमपुर मोटाढाक स्थित शिव शक्ति मंदिर परिसर में समिति का 16वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं को सनातन धर्म की मूल भावना से जुड़ने तथा अपने जीवन में शिक्षा के साथ-साथ श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया।

चंद्रमोहन बड़थ्वाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि समाजसेवी भारत सिंह नेगी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध परंपरा है, जो मानव जीवन को नैतिकता, अनुशासन और सदाचार का मार्ग दिखाती है। वहीं संस्कृत भारती के मंडल अध्यक्ष डा. रमाकांत कुकरेती ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में बच्चों को केवल किताबी शिक्षा देना पर्याप्त नहीं है, उन्हें सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक संस्कारों से भी जोड़ना आवश्यक है, ताकि वे एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विचार-विमर्श के साथ-साथ युवाओं को सकारात्मक दिशा देने पर विशेष जोर दिया गया। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

वहीं समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि समिति का उद्देश्य समाज में शिक्षा, संस्कृति और सेवा भाव को बढ़ावा देना है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जाता रहेगा। इस दौरान जगत सिंह नेगी, आर बी कंडवाल, मनमोहन काला, अनुराग कंडवाल, रेखा ध्यानी, संजय कुमार, विनोद नेगी और विजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# जीएमओ की श्रमिक यूनियन की नई कमेटी गठित

## गोपाल सिंह रावत अध्यक्ष एवं वीरेन्द्र सिंह सचिव बने

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यातायात कंपनी जीएमओयू लि. की श्रमिक यूनियन उत्तरांचल परिवहन कर्मचारी संघ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है, जिसमें सर्व सम्मति से गोपाल सिंह रावत को अध्यक्ष चुना गया। कंपनी मुख्यालय में आयोजित संघ की बैठक में कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। कहा गया कि संघ कर्मचारियों के हितों को लेकर लगातार संघर्ष करता रहेगा, इसके लिए सभी कर्मचारियों का सहयोग आवश्यक है। तत्पश्चात सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए गोपाल सिंह रावत को अध्यक्ष, आशीष रावत को उपाध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह को सचिव, सावित्री देवी को संयुक्त सचिव व अरविंद कुमार को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य में दर्शन सिंह असवाल, अंजु नैनवाल, मंदीप नेगी, योगेश पटवाल, अनिल कुमार, रतन सिंह को चुना गया। मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन व कर्मचारियों के हितों को लेकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जगदीश सिंह असवाल, राजेंद्र बिष्ट, अपर्णा ध्यानी, अनिल कुमार, राकेश रावत, रतन सिंह और सुरेश चंद्र देवरानी सहित संघ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारी आयोग उपाध्यक्ष ने ली विभाग की समीक्षा बैठक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने नगर निगम सभागार में विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग को वाल्मीकि समाज बाहुल्य क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर लगाने के निर्देश दिये। साथ ही आउटसोर्स ठेकेदार द्वारा स्वच्छता कर्मचारियों को कम वेतन देने पर भी नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने उत्तराखंड सरकार के आदेश अनुसार 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके स्वच्छता कर्मचारियों को नियमितीकरण करने संबंधी कार्रवाई आरंभ करने, नगर निगम में कार्यवाहक सफाई पर्यवेक्षकों को रिक्त पद के अनुसार स्थाई पर्यवेक्षक बनाने, नगर निगम द्वारा आवंटित दुकानों में वाल्मीकि समाज को भी वरीयता देने के निर्देश दिये। बैठक में नगर निगम के मुख्य नगर आयुक्त पीएल शाह और उप जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मसूरी और नैनीताल में उमड़े पर्यटक, जाम ने बढ़ाई परेशानी

**देहरादून ( चिंगारी )।** वीकेंड पर मसूरी व नैनीताल समेत अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। मसूरी में शुक्रवार रात तक ही होटल 90 प्रतिशत पैक हो चुके थे। शनिवार सुबह से ही मसूरी, कैंम्पटी फाल व भट्टा फाल पर्यटकों से गुलजार हैं। देहरादून-मसूरी और टिहरी-मसूरी मार्ग पर सुबह करीब चार घंटे तक जाम लगा रहा। नैनीताल आठ हजार से अधिक पर्यटक पहुंचने का अनुमान है। पार्किंग फुल होने के बाद पुलिस को विशेष यातायात प्लान लागू करना पड़ा। नैनीताल में होटल 80 प्रतिशत पैक हैं। धनौल्टी, चकराता, लैंसडौन, मुक्तेश्वर, जागेश्वर, बिनसर में पर्यटकों के पहुंचने से चहल-पहल है। ऋषिकेश में भी बड़ी संख्या में पर्यटक व तीर्थयात्री



उमड़े है। इसके कारण ऋषिकेश में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। शनिवार को दून की सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। मसूरी-धनोल्टी में उमड़ी पर्यटकों की भीड़, चारधाम यात्री और अब दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस व देहरादून पांवटा (हिमाचल) फोरलेन के कारण बढ़े ट्रैफिक दबाव ने दून शहर से लेकर हाईवे तक हालात बिगाड़ दिए। पर्यटकों को दून से 35 किमी दूर मसूरी पहुंचने में ढाई से तीन घंटे लग गए। मसूरी से कैंम्पटी फाल और धनोल्टी रोड पर भी हालात बिगड़े रहे। मसूरी शहर के अंदर भी जाम की स्थिति बनी रही। मसूरी के होटलों में शनिवार को शत-प्रतिशत बुकिंग रही।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि मैंने एक सोसायटी का गठन करके उसे 'सपना सैनी मानवता सहायता एकता सोसायटी' जिसका पता ग्राम व पोस्ट गैण्डीखाता, थाना श्यामपुर, तहसील व जिला हरिद्वार के पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। उक्त सोसायटी का उद्देश्य सामाजिक सेवा, शैक्षिक सांकृतिक गरीब परिवारों का लालन-पालन, प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान में सहायता करना आदि है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को इस संस्था के नाम, उद्देश्य या पंजीकरण से संबंधित कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर निम्न पते पर दे सकते है।

**-विमल कुमार पुत्र श्री जनेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट गैण्डीखाता, थाना श्यामपुर, तहसील व जिला हरिद्वार**

**मो.नं.- 8859835983, 8393949580**

**नोट:- निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

# तूफान के साथ बारिश ने मचाई तबाही घासफूंस से बनीं पांच झोपड़ियां धराशायी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार और आसपास के क्षेत्रों में जहां बारिश से मौसम सुहावना हो गया वहीं भाबर क्षेत्र के वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड़ में बारिश के साथ आए तेज तूफान ने तबाही मचाई। तूफान की चपेट में आकर घास-फूस से बनी पांच झोपड़ियां पूरी तरह धराशायी हो गई, जिससे कई परिवार बेघर हो गए। वार्ड पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि अचानक आए तेज आंधी-तूफान से झोपड़ियां उड़ गईं और उनमें रखा राशन व घरेलू सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। हालात ऐसे बने कि प्रभावित परिवारों को पूरी रात खुले आसमान के नीचे गुजारनी पड़ी। घटना की सूचना मिलने पर पट्टी पटवारी दिनेश डोबरियाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का निरीक्षण किया। प्रभावित परिवारों में महेश्वरी देवी, सतेश्वरी देवी, विजय सिंह, रज्जू देवी, लक्ष्मी देवी और सुमित्रा देवी शामिल हैं। बताया कि इन परिवारों ने पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया था और उन्हें पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपये भी प्राप्त हुए थे, लेकिन शेष 1.80 लाख रूपये की राशि अब तक नहीं मिल सकी। इसके चलते ये परिवार मजबूरी में कच्ची झोपड़ियों में रहने को विवश थे। मौके पर उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए तथा आवास योजना की शेष राशि जल्द जारी कर उन्हें स्थायी छत उपलब्ध कराई जाए।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# आईसीएसई हाईस्कूल परीक्षा में डोईवाला क्षेत्र में दीया ने पाया प्रथम स्थान



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** डोईवाला आईसीएसई हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होने पर प्रेसीडेंसी स्कूल भानियावाला की प्रतिभाशाली छात्रा दीया गोयल ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डोईवाला क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर परवादून जिला कांग्रेस द्वारा दिया गोयल का सम्मान किया गया तथा उन्हें संविधान की प्रस्तावना भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि दिया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्व. पन्ना लाल गोयल जी की पौत्री है। उनकी यह सफलता न केवल उनके परिवार और विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। दीया की दादी ममता गोयल, पिता अमित गोयल एवं माता पूजा गोयल ने उसकी कठिन मेहनत और अध्यापकों के सहयोग को इस सफलता का श्रेय दिया है। दिया ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्वर्गीय दादा, माता-पिता एवं अध्यापकों को देते हुए भविष्य में मेडिकल क्षेत्र में जाने की इच्छा जताई है। इस अवसर पर परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, डोईवाला नगरपालिका सभासद गौरव मल्होत्रा, युवा कांग्रेस जिला महासचिव शुभम कांबोज, अमित गोयल व गौरव गोयल मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans

**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**


नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476


## स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बदलाव : 67 लाख उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

# अब 30 दिन तक नहीं कटेगी बिजली

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा लागू स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था में योगी सरकार ने बड़ा बदलाव करते हुए घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी है। खासतौर पर निम्न और मध्यम वर्ग के परिवारों को ध्यान में रखते हुए किए गए इस फैसले से प्रदेश के 67 लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में एक किलोवाट तक के करीब 43 लाख और एक किलोवाट तक के लगभग 24 लाख घरेलू कनेक्शन धारकों को इस नई व्यवस्था का सीधा फायदा मिला है।



पहले स्मार्ट मीटर में बैलेंस खत्म होने के बाद केवल तीन दिन की मोहलत मिलती थी, जिसके बाद बिजली आपूर्ति स्वत: बंद हो जाती थी। इससे छोटे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नई व्यवस्था के तहत अब 1 किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं का बैलेंस खत्म होने पर भी बिजली आपूर्ति तुरंत नहीं कटेगी। उन्हें 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि दी जाएगी, जिसमें वे अपना रिचार्ज करा सकते हैं। यदि इस अवधि में रिचार्ज नहीं कराया गया, तभी बिजली आपूर्ति बंद होगी। एक से दो किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को भी राहत देते हुए इमरजेंसी क्रेडिट की सुविधा दी गई है। ऐसे उपभोक्ताओं को कम से कम तीन दिन या 200 रुपये तक के नेगेटिव बैलेंस तक बिजली मिलती रहेगी। उदाहरण के तौर पर, यदि बैलेंस माइनस 100 रुपये है तो आपूर्ति जारी रहेगी, लेकिन 200 रुपये तक पहुंचते ही कनेक्शन स्वत: कट जाएगा। इमरजेंसी अवधि में उपयोग की गई बिजली की राशि अगले रिचार्ज से स्वत: समायोजित कर ली जाएगी। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे यूपीपीसीएल स्मार्ट एप के माध्यम से अपना बैलेंस और खपत नियमित रूप से जांचते रहें और समय पर रिचार्ज करें। उपभोक्ता सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब बिजली काटने से पहले 5 अनिवार्य एसएमएस अलर्ट भेजे जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं को समय रहते रिचार्ज का मौका मिल सके। नई व्यवस्था के अनुसार शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक बिजली नहीं काटी जाएगी। इसके अलावा रविवार, दूसरे शनिवार और सभी सार्वजनिक अवकाश के दिन भी बिजली सप्लाई जारी रहेगी, चाहे बैलेंस शून्य या नेगेटिव ही क्यों न हो। गौरतलब है कि प्रदेश में अब तक करीब 83 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। यह प्रणाली मोबाइल प्रीपेड की तरह काम करती है-पहले रिचार्ज, फिर उपयोग- लेकिन नए बदलावों से इसे अधिक उपभोक्ता-अनुकूल बना दिया गया है।


**मिर्गी दौरे**

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



**देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें**

• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020

Since 2010

**M.B.B.S.**

BDS, BAMS, BUMS, BHMS

Abroad Admission & Counselling For India

• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है

471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)



Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | ladies Coat

**CLASSIC TAILORS**

9927060150

CLASSIC SHOES

**CLASSIC Shoes**

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor



**Kajaria** TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

8445517265, 8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर